दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 50 | ग्वालियर शुक्रवार 18 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### ऑस्ट्रेलिया में बी-52 बॉम्बर्स तैनात करने जा रहा अमेरिका, ताइवान में चीन को भारी पड़ेगी कोई भी चालाकी



**कैनबरा।** अमेरिका उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में एक एयरबेस पर छह परमाणु-सक्षम बी -52 बॉम्बर्स भेजने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी दस्तावेजों का हवाला देते हुए, स्थानीय ब्रॉडकास्टर एबीसी ने बताया कि वॉशिंगटन ने ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में डार्विन शहर से लगभग 300 किमी (185 मील) दक्षिण में टिंडल एयर बेस पर विमान के लिए समर्पित सुविधाओं के निर्माण के लिए विस्तृत योजना तैयार की थी। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन अमेरिकी वायु सेना ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में बॉम्बर्स तैनात करना हमारे विरोधियों को एक मजबूत संदेश भेजता है। अमेरिका के इस कदम से चीन भड़क गया है। एक्सपर्ट्स ने बताया कि यह कदम चीन के लिए एक चेतावनी है, क्योंकि ऐसी आशंका है कि चीन ताइवान पर आक्रमण कर सकता है। ऐसे में यदि ताइवान में चीन कोई भी चालाकी करने की कोशिश करता है तो फिर अमेरिका इन बॉम्बर्स के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दे सकता है। सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी के बेक्का वासेर ने कहा, ÷चीन की मुख्य भूमि पर संभावित रूप से हमला करने वाले बॉम्बर्स विमान चीन को एक संकेत भेजने में बहुत महत्वपूर्ण हो सकते हैं यदि चीन ताइवान पर कुछ आगे कार्रवाई करता है तो। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के साथ तनाव ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण डिफेंस सेंटर बना दिया है और इस क्षेत्र में अपनी सैन्य संपत्ति को अपग्रेड करने के लिए 1 अरब डॉलर खर्च करने के लिए प्रतिबद्ध है। विमान निर्माता के अनुसार, बोइंग द्वारा डिजाइन और निर्मित बी-52 अमेरिकी की लिस्ट में सबसे अधिक लड़ाकू-सक्षम बॉम्बर्स हैं। लंबी दूरी के भारी बॉम्बर्स अमेरिकी वायु सेना की रीढ़ रहे हैं और परमाणु व पारंपरिक दोनों हथियारों को तैनात करने में सक्षम हैं। एबीसी ने अमेरिकी वायुसेना के हवाले से कहा कि बॉम्बर्स की मेजबानी करने और संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास करने की ऑस्ट्रेलिया की क्षमता दिखाती है कि हमारी दो वायुसेनाएं कितनी एकीकृत हैं। वहीं, इससे संबंधित पूछे गए एक सवाल में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाने या नुकसान पहुंचाने के बजाय क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए फायदेमंद होना चाहिए। झाओ ने कहा कि अमेरिका के कदम ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ा दिया है, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को गंभीर रूप से तोड़ दिया है और क्षेत्रीय हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है।

### टाइटैनिक से जुड़े तीन दशक पुराने रहस्य से उठा पर्दा



**न्यूयॉर्क।** टाइटैनिक को डूबे 100 हो गए हैं। हालांकि उससे जुड़े कई रहस्य अब तक सामने नहीं आए हैं। अब एक 26 साल पुराने रहस्य से पर्दा उठा है। गोताखोरों को टाइटैनिक के मलबे के पास ही एक इकोसिस्टम मिला है। पहले सोनार की मदद से इसका पता लगाया गया। लगभग 30 साल पहले एक जानेमाने टाइटनिक गोताखोर पीएच नारजियोलेट को जहाज के मलबे के पास किसी चीज के बारे में पता चला था। हालांकि स्पष्ट नहीं हो पाया था कि यह क्या चीज है। वह इस बात को जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर जो चीज उन्हें मिली है वह जहाज का ही कोई हिस्सा है या फिर कोई प्राकृतिक संरचना है। दो दशकों के अथक परिश्रम के बाद आखिर उन्हें पता चल ही गया कि वह चीज क्या है। 25 अक्टूबर को नारजियोलेट तैरकर वहां तक पहुंच गए। वहां एक ज्वालामुखी की चट्टान थी। इस खोज में लगे संगठन ओसियनगेट एक्सपेडिशन्स ने उस इलाके का फुटेज भी जारी किया। वहां पर स्पॉन्ज, कोरल और समुद्री जीव थे। टाइटनिक के मलबे के पास ही पूरा इकोसिस्टम था। यहां बहुत सारे समुद्री जीव रहते हैं और ज्वालामुखी से बनी चट्टान भी लगभग 2900 मीटर की है। नारजियोलेट ने कहा कि उन्हें लगता नहीं था कि कभी इस चीज के बारे में जान पाएंगे। वह यही सोचते थे कि यह भी टाइटैनिक का ही कोई हिस्सा है। उन्होंने कहा, सोनार से पता लगने का बाद से ही हम उस चीज के बारे में जानना चाहते थे। यह एक बहुत अच्छी खोज है। जहाज तो अब समुद्र की गहराई में है। कनाडा के न्यूफाउंडलैंड से इसकी दूरी करीब 400 नॉटिकल माइल है। 15 अप्रैल 1912 को टाइटैनिक डूबा था। ओसियनगेट के चीफ साइंटिस्ट ने कहा कि इस चट्टान के बारे में पता चलने के बाद समुद्री जीवन के बारे में खोज को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# पीएम मोदी के मोरबी पहुंचते ही क्यों ढका गया कंपनी का नाम

**मोरबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोरबी पहुंचने से पहले ही एक कंपनी के बोर्ड पर शीट डालकर उसे ढक दिया गया। कंपनी पर गंभीर आरोप लगे हैं। इसका नाम ओरेवा ग्रुप है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को गुजरात के मोरबी जिले की उस जगह पर पहुंचे जहां पुल गिरा था। अधिकारियों ने के बोर्ड को ढकने के अलावा एक स्थानीय सरकारी अस्पताल को भी रातों-रात फिर से रंग दिया गया और नए बिस्तरों और चादरों के साथ एक वार्ड भी बनाया गया, जहां प्रधानमंत्री कुछ घायलों से मिलेंगे। मोरबी पुल हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 135 हो गई है और अब तक



प्रधानमंत्री मोदी को पुल टूटने के बाद चलाए जा रहे बचाव अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान पुल के पास में लगे ओरेवा ग्रुप के बोर्ड को एक सफेद शीट से ढक दिया गया। पुल ढहने के दो दिन बाद मोरबी में पीएम के दौरे को विपक्ष ÷इवेंट मैनेजमेंट÷ बता रहा है। ओरेवा कंपनी 170 अन्य को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र बलों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों द्वारा मच्छु नदी में बचाव अभियान अभी जारी है।

पुलिस ने मच्छु नदी पर तारों का पुल टूटने के मामले में सोमवार को ओरेवा समूह के चार कर्मियों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ब्रिटिश काल के दौरान बने इस पुल के रख-रखाव और संचालन का ठेका ओरेवा समूह को मिला था। मोरबी नगर निगम ने शहर के ही घड़ियां और ई-बाइक बनाने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप को मच्छु नदी पर बने शताब्दी पुराने तारों से बने पुल की मरम्मत का काम सौंपा था। नगर निगम के सोमवार को मिले दस्तावेजों के अनुसार, ओरेवा ग्रुप को 15 साल तक पुल की मरम्मत करने, उसका संचालन करने और 10 से 15 रुपये प्रति टिकट मूल्य पर टिकट बेचने की अनुमति थी। आजादी से पहले मोरबी के शासक बाघजी ठाकुर द्वारा 1887 में बनवाए गए इस केबल पुल को मरम्मत पूरी होने के बाद 26 अक्टूबर को मीडिया के सामने ओरेवा ग्रुप के जययसुख पटेल और उनके परिवार ने जनता के लिए खोल दिया। पुल टूटने के बाद मोरबी नगर निगम के मुख्य अधिकारी संदीपसिंह जाला ने दावा किया कि मरम्मत करने वाली कंपनी ने पुल को जनता के लिए खोलने से पहले निगम से 'अनुमति' प्रमाणपत्र नहीं लिया था।

## मोरबी हादसे पर चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की आई प्रतिक्रिया, पीएम मोदी को भेजा मैसेज

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुजरात के मोरबी शहर में पुल गिरने से 135 लोगों की मौत पर शोक जताया है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि यह समाचार सुनकर %स्तब्ध% हूं। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक राष्ट्रपति जिनपिंग ने अपने संदेश में हादसे पर स्तब्धता जताई है। एजेंसी के मुताबिक, चीन की सरकार और जनता की ओर से जिनपिंग ने लोगों की मौत पर गहरा शोक जताया है और उनके परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की है। इसी दिन चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने भी प्रधानमंत्री मोदी को शोक संदेश भेजा। चीन के स्टेट काउंसिलर और विदेश मंत्री वांग यी ने भी अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर को मोरबी में हुए हादसे को लेकर शोक संदेश भेजा है। वांग ने हादसे में हुई मौतों को लेकर संवेदना व्यक्त की है और पीड़ित परिवारों व घायलों के प्रति सहानुभूति प्रकट की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मोरबी में पुल दुर्घटना स्थल का दौरा कर वहां जारी तलाशी तथा बचाव अभियान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने एक अस्पताल में उपचाराधीन घायलों से मुलाकात भी की। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को हादसे के बाद राहत अभियान के बारे में जानकारी दी। रविवार को इस पुल के मच्छु नदी में गिरने से 135 लोगों की मौत हो गयी। प्रधानमंत्री ने मौके पर पहुंचने से पहले इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया। यह पुल दरबारगढ़ पैलेस को स्वामीनारायण मंदिर से जोड़ता था। प्रधानमंत्री दरबारगढ़ पैलेस पहुंचे जहां अधिकारियों ने उन्हें हादसे की जानकारी दी और पुल गिरने के संभावित कारणों के बारे में बताया। गुजरात सरकार के मंत्री राजेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि मोरबी पुल हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 135 हो गई है और अब तक 170



अन्य को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सशस्त्र बलों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों द्वारा मच्छु नदी में बचाव अभियान अभी जारी है। राजकोट रेंज के महानिरीक्षक (आईजी) अशोक कुमार यादव ने सोमवार को कहा था कि रविवार शाम को मोरबी में पुल के टूटकर गिरने से 134 लोगों की मौत हो गई। गुजरात के कैबिनेट मंत्री त्रिवेदी ने मंगलवार को कहा, अब तक बचाव दलों ने 135 शव बरामद किए हैं, जबकि नदी में गिरे करीब 170 लोगों को जिंदा बचा लिया गया है।

## भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं रोहित वेमुला की मां

**हैदराबाद।** राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के 55वें दिन मंगलवार को हैदराबाद में प्रवेश किया। राहुल के साथ इस मार्च में शामिल होने वालों में हैदराबाद विश्वविद्यालय के दलित छात्र रोहित वेमुला की मां राधिका भी शामिल थीं। वेमुला की आत्महत्या के बाद 2016 में खूब विरोध प्रदर्शन हुए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने खुद हैदराबाद कैंपस का दौरा किया था। अब अपनी भारत जोड़ो यात्रा में रोहित वेमुला की मां के साथ मुलाकात के बाद राहुल ने उनकी तस्वीरें शेयर की हैं।

राहुल गांधी ने कथित उत्पीड़न के बाद 2016 में आत्महत्या करने वाले दलित छात्र रोहित वेमुला को सामाजिक भेदभाव और अन्याय के खिलाफ अपने संघर्ष का प्रतीक बताया। राधिका यात्रा के प्रातःकालीन चरण में गांधी के साथ कुछ समय के लिए चलीं। राधिका



वेमुला ने ट्वीट किया, ''भारत जोड़ो यात्रा के प्रति एकजुटता दिखाई। राहुल गांधी के साथ चली और कांग्रेस से संविधान को भाजपा-आरएसएस (भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के हमले से बचाने, रोहित वेमुला को न्याय दिलाने, रोहित अधिनियम पारित कराने, उच्च न्यायपालिका में दलितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।''राहुल गांधी ने वेमुला की मां के साथ मुलाकात के बाद ट्वीट किया, '' रोहित वेमुला सामाजिक भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध मेरे संघर्ष का प्रतीक है और रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''रोहित की माताजी से मिलकर यात्रा के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे कदमों को नया साहस और मन को नई शक्ति मिली।'' कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर और पार्टी के कई नेताओं ने अपने ट्विटर खातों पर 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राधिका वेमुला के गांधी के साथ चलने की तस्वीरें साझा कीं। रोहित (26) की 17 जनवरी, 2016 को मौत हो गई थी। इस घटना ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिवाद के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ दिया था।

## एनटीपीसी दादरी प्लांट पर 24 गांवों के किसानों का हंगामा

**नोएडा।** एनटीपीसी दादरी में 1980 में हुए जमीन अधिग्रहण के मामले में एक बार फिर से किसान सड़कों पर आ गए हैं। मंगलवार को सैकड़ों की तादाद में आए किसानों ने प्लांट के गेट पर जमकर हंगामा किया और वहां पर तालाबंदी का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और पीएसी के अधिकारियों ने हंगामा कर रहे किसानों को काफी समझाने का प्रयास किया। जब किसान नहीं माने तो पहले तो उन पर वाटर केनन और फिर बाद में लाठीचार्ज कर खदेड़ दिया गया। इसमें कुछ किसानों को चोट भी आई हैं। किसानों के प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर पहलवान समेत करीब 30 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है, जिसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। एनटीपीसी दादरी के लिए वर्ष 1980 में जमीन का अधिग्रहण किया गया था। किसानों का कहना है कि उस दौरान कुछ जमीन 10 रुपये के रेट पर और कुछ जमीन 150 रूपये के रेट पर अधिग्रहित हुई थी। उस समय करार किया गया था कि जो सुविधाएं और मुआवजा प्राधिकरण के द्वारा अन्य किसानों को दिया जाएगा, वही उन्हें भी मिलेगा। अब किसानों की मांग है कि उन्हें बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र का विकास हो। इन मांगों को लेकर किसानों ने प्राधिकरण को 31 अक्टूबर तक का समय दिया था और एक नवंबर से प्लांट पर तालाबंदी का ऐलान किया था। इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्र के गांव ऊंची अमीरपुर, खंगौड़ा, सीधीपुर, ततारपुर, रसूलपुर, प्यावली बिसाहड़ा, बड़पुरा, कैलाश पुर, रूपबांस समेत 24 गांवों के किसान प्लांट के गेट पर पहुंच गए और वहां पर तालाबंदी का प्रयास करते हुए धरना दिया। हालांकि, भारी फोर्स होने के कारण वह तालाबंदी नहीं कर सके। इस दौरान उनकी अनेक बार पुलिस अधिकारियों से नोंकझोंक भी हुई। आरोप है कि दोपहर में अचानक से प्लांट पर पीएसी कर्मियों की संख्या बढ़ गई और उसके बाद किसानों पर पहले फायर बिग्रेड की गाड़ियों से पानी की बौछार डाली गई और फिर उन पर लाठीचार्ज कर दिया गया, जिसमें अनेक किसानों के चोटें भी आई हैं। किसानों के अनुसार, पुलिस ने किसान नेता सुखवीर खलीफा, ऊदल आर्य, प्रवीण चौहान, मुनीन्द्र समेत 30 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं और गांवों में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी लाठीचार्ज की बात से इनकार कर रहे हैं।



## एक बार भाजपा, बार-बार भाजपा... अब बनाना है नया रिवाजः अमित शाह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। केंद्रीय गृह मंत्री और सीनियर भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को चंबा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा, कांग्रेस के नेताओं के पास बस एक ही बात है। वह कहते हैं हिमाचल में रिवाज है एक बार कांग्रेस, एक बार भाजपा। अब नया रिवाज बनाना है, एक बार भाजपा, बार-बार भाजपा। अमित शाह ने कहा, हमारी सांस्कृतिक विरासत, हमारे मानबिंदु और हमारे आस्था के केंद्र, इस सबको कांग्रेस पार्टी ने अपमानित किया था। लेकिन पीएम मोदी ने वोट बैंक की चिंता किए बिना इन सभी स्थानों का सम्मान करके भारतीय जनता का सम्मान किया है। इसी का नतीजा है कि मोदी जी को आपने हिमाचल की सभी सीटें दी, दोबारा प्रधानमंत्री बनाया।



बीजेपी लीडर ने कहा, हमने वादा किया था कि हम आएंगे तो हिमाचल को विकास के रास्ते पर ले जाएंगे। आज हिमाचल में सड़कें, अस्पताल, पानी की व्यवस्था सभी मूलभूत सुविधाएं लोगों तक पहुंच रही हैं। भटियात और पूरे चम्बा में सड़कों का जाल बिछाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। सिर्फ भटियात विधानसभा में 28 करोड़ रुपये की लागत से रोड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाए हैं। अमित शाह ने कहा कि इतने सालों से कांग्रेस की सरकार थी, मेडिकल कॉलेज नहीं मिल रहा था। भाजपा की सरकार आई, अब सरोल क्षेत्र में सरकारी मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू हो रहा है। यहां 380 बेड की क्षमता होगी। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ देखिए कि पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 और धारा 35ए को समाप्त कर दिया। आज हमारा कश्मीर भारत के साथ हमेशा के लिए जोड़ने का काम प्रधानमंत्री ने किया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने हिमाचल में सालों तक काम किया है और यहां के चप्पे-चप्पे को जाना है। इसलिए वह हिमाचल के विकास को जानते हैं, लेकिन ये कांग्रेसी घोटाले और भ्रष्टाचार करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो 2 जी, कॉमनवेल्थ, कोयला जैसे 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले किए। अभी पेट नहीं भरा तो हिमाचल में आए हैं, लेकिन अब लोकतंत्र है।

# दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** ठंड बढ़ते ही राजधानी दिल्ली में एक बार फिर गैस चेंबर जैसे हालात बन रहे हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार ने कई पाबंदियां लगाई हैं। पाबंदी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए 586 दलों का गठन किया गया है। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कुछ दिन में वायु की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच जाएगी। मंगलवार की सुबह दिल्ली का एक्यूआई इंडेक्स 551 पर पहुंच गया। वहीं इस मामले में पहले की ही तरह सियासत भी तेज हो गई है। पंजाब के कृषि मंत्री कुलदीप धालीवाल ने कहा कि पंजाब को दिल्ली के प्रदूषण का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। एक निजी न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान धालीवाल ने कहा, पंजाब में पराली जलाना दिल्ली के प्रदूषण का कारण नहीं है। रोहतक, पानीपत, सोनीपत ही दिल्ली के प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। आखिर पंजाब का प्रदूषण दिल्ली कैसे पहुंच सकता है। यह कैसे हो सकता है कि अमृतसर का स्मोक दिल्ली



तक पहुंच जाए लेकिन सोनीपत का ना पहुंचे। उनसे जब पूछा गया कि पराली जलाने का समाधान क्या हो सकता है तो उन्होंने कहा, पराली बहुत कम ही जलाई जाती है। इसका इस्तेमाल शादी ब्याह या फिर कार्यक्रमों में हो जाता है। धान की वजह से हमारा भूमिगत जल कम हो गया है फिर भी देश के लिए इसे उगाया जाता है। इसका समाधान यही है कि किसानों को दूसरी फसलें पैदा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। धालीवाल ने इस मामले में केंद्र सरकार पर ठीकरा फोड़ा। उन्होंने कहा, हमने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से कहा कि पंजाब का दौरा करें। वह हरियाणा के कृषि मंत्री को भी साथ लेकर आएं। हम उन्हें वास्तविकता से परिचित कराएंगे। तोमर जी ने अपनी जेब से मशीनें नहीं दी हैं। राज्य के जीएसटी शेयर से इसे खरीदा गया है। केंद्र ही इस समस्या के लिए जिम्मेदार है। भारतीय जनता पार्टी पंजाब और किसानों को बदनाम करना चाहती है। बता दें कि इस समय दिल्ली और पंजाब दोनों ही जगह आम आदमी पार्टी की सरकार है। ऐसे में दोनों राज्य तो आमने सामने नहीं हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी और भाजपा में ठनी हुई है। भाजपा ने इस प्रदूषण के लिए अरविंद केजरीवाल को जिम्मेदारी ठहराया है। भाजपा ने कहा कि पंजाब और दिल्ली दोनों जगह की जनता यही कह रही है कि आम आदमी पार्टी दोनों राज्यों की हवा में जहर घोल रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को बताना चाहिए कि पंजाब में भी उनकी स रकार है तो वहां क्या किया जा रहा है।



## स्कूल-कॉलेज बंक कर होटल में मौज मस्ती

# सात कमरों से मिलीं सात युवतियां और सात युवक

**संभल।** संभल शहर में पुलिस ने एसडीएम और सीओ की अगुवाई में ओयो रूम्स होटल पर छापा मारकर 14 युवक-युवतियों को सात अलग-अलग कमरों से आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा है। इनके पास से यूज्ड कंडोम और कामोत्तेजक गोलियां भी बरामद हुई हैं। पकड़ी गई युवतियों में से कई शहर के स्कूलों की छात्राएं बताई जा रही हैं। सात युवक और सात युवतियों के साथ ही पुलिस ने होटल के मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मालिक फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि चंदौसी रोड पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने ओयो रूम्स होटल जेके गेस्ट हाउस में अनैतिक कारोबार किया जा रहा है। इसके बाद एसडीएम विनय मिश्रा और सीओ जितेंद्र सरगम की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने जेके गेस्ट हाउस पर छापा मारा। पुलिस ने कमरे खुलवाये तो सात कमरों में युवकों के साथ आपत्तिजनक हालत में सात युवतियां मिलीं। कई कमरों में यूज्ड और नये कंडोम के साथ ही कामोत्तेजक गोलियां भी मिलीं। पुलिस ने सभी युवक-युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। होटल के मैनेजर किशन निवासी हसनपुर जनपद अमरोहा को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि होटल मालिक फरार हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस द्वारा होटल से गिरफ्तार सात युवतियों में से पांच शहर के ही स्कूलों की बताई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि एक डिग्री कालेज की दो छात्राएं हैं, जबकि एक छात्रा दूसरे डिग्री कॉलेज की है। वहीं दो इंटर कालेजों की एक-एक छात्रा है। युवक भी स्थानीय ही बताए जा रहे हैं। संभल चंदौसी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सामने कुछ माह पहले खोले गये ओयो होटल के बाहर पुलिस की कई गाड़ियां आकर रुकीं तो आसपास के लोग भी वहां जुटने लगे। जब पता चला कि होटल में युवक युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले हैं तो भीड़ काफी बढ़ गई। गिरफ्तार युवक युवतियों को नीचे लाने से पहले पुलिस को भीड़ को दूर हटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। ओयो रूम्स होटल जेके गेस्ट हाउस में देह व्यापार का धंधा चलाये जाने को लेकर पिछले काफी दिन से लोग शिकायतें कर रहे थे। अफसरों के पास गुमनाम शिकायती पत्र भेजने से लेकर फोन करके भी शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। कहा जा रहा है कि बुधवार को पुख्ता जानकारी दी गई कि इस समय होटल में एक दर्जन से ज्यादा युवक-युवतियां हैं। इसके बाद ही कार्रवाई का फैसला लिया गया। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि अभी तक जो तथ्य सामने आये हैं उसके अनुसार जिस होटल में युवक-युवतियां कमरों में आपत्तिजनक हालत में मिले हैं उसका पंजीकरण सराय अधिनियम के तहत नहीं कराया गया था। ऐसे में वह होटल अवैध माना जायेगा। होटल से गिरफ्तारी के बाद देर शाम को सभी युवक-युवतियों का मेडिकल परीक्षण कराने की कार्रवाई की गई। भारी पुलिस बल के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# यूक्रेन की तरफ से जंग में उतरा ब्रिटेन, रूस ने राजदूत को तलब कर जताया विरोध

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुए आठ महीने से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन किसी को जीत नहीं मिली है। यूक्रेन के समर्थन में पश्चिमी देशों के आने के चलते पुतिन लगातार उनपर निशाना साध रहे हैं। इस बीच, रूस ने गुरुवार को ब्रिटिश राजदूत को तलब कर विरोध जताया है। दरअसल, मॉस्को ने दावा किया है कि क्रीमिया में रूस के ब्लैक सी बेड़े पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में ब्रिटिश नौसेना के कर्मी शामिल थे। राजदूत डेबोरा ब्रोनर्ट 10-30 स्थानीय समय पर विदेश मंत्रालय पहुंचीं। इस दौरान कुछ लोगों ने ब्रिटिश विरोधी नारे भी लगाए और उन्होंने ब्रिटेन एक आतंकवादी देश है जैसे नारे लिखी हुई तख्तियां भी पकड़ रखी थीं। ब्रोनर्ट करीब 30 मिनट तक मंत्रालय के अंदर रहीं। हालांकि, इस पर अब तक रूस या ब्रिटेन की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने बुधवार को कहा कि क्रीमिया पर शनिवार के ड्रोन हमले पर राजदूत को तलब किया जाना है। मालूम हो कि क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अलग कर लिया था। हालांकि, ब्रिटेन ने अपने ऊपर लगे दावों को झूठा बताया है। रूस ने ब्रिटेन को एक विशेष रूप से घातक पश्चिमी शक्ति के रूप में बताया है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कहते हैं कि रूस को नष्ट करने और अपने विशाल प्राकृतिक संसाधनों को तराशने के लिए ब्रिटेन साजिश रच रहा है। रूस द्वारा यूक्रेन पर फरवरी में किए गए आक्रमण करने के बाद, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के अब तक के सबसे गंभीर प्रतिबंध रूस पर लगाए हैं और यूक्रेन को जंग लड़ने में मदद के लिए हथियारों की सप्लाई की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटिश नौसेना कर्मियों ने नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों को उड़ा दिया, लेकिन इस दावे को भी लंदन में गलत बताया और कहा कि यूक्रेन में रूसी सैन्य विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए ऐसा दावा किया गया है।



# हत्या कर भारत भाग आया चिकित्सा सहायक

## ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने रखा 10 लाख डॉलर का इनाम

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की क्वींसलैंड पुलिस ने चार साल पहले कथित हत्या के एक मामले में भारतीय चिकित्सा सहायक (नर्स) के खिलाफ भारी भरकम इनाम की घोषणा की है। मामला 2018 का है। क्वींसलैंड पुलिस के मुताबिक, एक भारतीय चिकित्सा सहायक ने समुद्र तट (बीच) पर ऑस्ट्रेलियाई महिला की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी वापस भारत भाग गया। अब पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए रिकॉर्ड 10 लाख डॉलर के इनाम की घोषणा की है। 7न्यूज डॉट कॉम की बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार टोया कॉर्डिंगली (24) अक्टूबर 2018 में केयर्न्स से 40 किलोमीटर दूर वांगेटी बीच पर अपने कुत्ते को घुमा रही थीं तभी उनकी हत्या कर दी गयी। खबर के अनुसार इनिसफेल में कार्यरत नर्स राजविंदर सिंह (38) मामले में प्रमुख संदिग्ध है लेकिन वह कॉर्डिंगली की हत्या के दो दिन बाद देश से चला गया और अपनी पत्नी तथा तीन बच्चों को यहीं छोड़ गया। क्वीन्सलैंड पुलिस अब सिंह की तलाश में उसकी मदद करने वाले नागरिक को 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर देने की पेशकश कर रही है। एजेंसी की अधिकारी सोनिया स्मिथ ने कहा कि यह अनोखा इनाम होगा। ऑस्ट्रेलिया के 7न्यूज डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा, हम जानते हैं कि सिंह टोयाह की हत्या के अगले दिन 22 अक्टूबर को केर्न्स से चला गया और फिर 23 तारीख को सिडनी से भारत के लिए उड़ान भरी। उसके भारत आगमन की पुष्टि हो गई है। उन्होंने कहा, हमने आज पुष्टि की है कि सिंह का अंतिम ज्ञात स्थान भारत था। न्यूज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, केयर्न्स में एक जांच केंद्र भी स्थापित किया गया है और राज्य भर के पुलिस अधिकारियों को वहां भेजा गया है जो हिंदी और पंजाबी दोनों बोल सकते हैं।

**नाइजीरिया में खेत में काम कर रहे 21 मजदूरों का बंदूक की नोंक पर अपहरण**-नाइजीरिया की पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि हाल ही में देश के उत्तरी राज्य कटसीना में बंदूकधारियों ने एक खेत में काम करने के दौरान कम से कम 21 स्थानीय कृषि श्रमिकों का अपहरण कर लिया था। पुलिस के प्रवक्ता गैम्बो इसाह ने बुधवार को न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि सशस्त्र हमलावरों ने रविवार को राज्य के फस्करी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के कंपानी मैलाफिया गांव में स्थानीय खेत में काम कर रहे श्रमिकों को अगवा कर लिया और अज्ञात स्थान पर ले गए।



# पाकिस्तानी महिला को पसंद आया ड्राइवर के गियर बदलने का अंदाज, दे बैठी दिल

**इस्लामाबाद।** कहतें हैं जो सच्चा प्यार करता है, वह जाति-धर्म, ओहदा आदि नहीं देखता है। प्यार किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकता है। यूं तो आपने लव अफेयर्स की कई कहानियां सुनी होंगी, लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से एक ऐसी कहानी सामने आई है, जो अपने आप में अलग है। इस कहानी की काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, पाकिस्तान के अच्छे फैमिली बैकग्राउंड से आने वाली महिला को अपने ड्राइवर से प्यार हो गया और उसके पीछे वजह यह रही कि वह (ड्राइवर) जिस तरह से गाड़ी के गियर बदलता था, वह तरीका महिला को काफी पसंद आया। डेली पाकिस्तान के साथ इंटरव्यू में महिला ने बताया कि उनके पति, जो कि एक ड्राइवर थे, उन्हें गाड़ी सिखाते थे। इसी दौरान ही वह उनके गियर बदलने के अंदाज के चलते उनके प्यार में पड़ गईं। इसके बाद दोनों ने निकाह भी कर लिया। महिला ने समझाया कि गियर बदलते समय वह जिस तरह से गियर पर हाथ हिलाता था, वह उसे बहुत पसंद आया। उन्होंने आगे बताया कि गियर बदलने के समय वह उसका हाथ भी पकड़ती थी। जब महिला से अपने पति को एक गाना डेडिकेट करने के लिए कहा गया, तो उसने हम-तुम एक कमरे में बंद हों और चाबी खो जाए। इसके बाद महिला ने गाने के कुछ बोल भी गुनगुनाए। उसके पति ने मजाक में कहा कि चाबी गुम हो गई तो महिला ने जवाब दिया कि अब तो कार भी खो गई है। इंटरव्यू में कपल काफी एक-दूसरे के साथ खुश भी दिखाई दिया।

# उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइल, जापान में इमरजेंसी अलर्ट जारी, लोगों से अंदर रहने को कहा

**टोक्यो।** कोरियाई देशों की तरफ से मिसाइल दागे जाने का सिलसिला जारी है। इसका नतीजा यह हुआ कि जापान में इमरजेंसी अलर्ट जारी हो गया है। गुरुवार सुबह उत्तर कोरिया की तरफ से मिसाइल दागे जाने के बाद जापान सरकार ने यह कदम उठाया है। रहवासियों को घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा गया है। खबर है कि यह मिसाइल प्रशांत महासागर में कहीं गिरी है। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया, उत्तर कोरिया ने संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। कार्यालय के अनुसार, जापान के हवाई क्षेत्र के जरिए बैलिस्टिक मिसाइल को इस तरह से दागना ऐसा काम है, जो संभावित रूप से जापान के लोगों के जीवन और संपत्ति को प्रभावित कर सकता है। आगे जानकारी दी गई कि जापान सरकार इस बात की पुष्टि करेगी कि कोई नुकसान हुआ है या नहीं। उत्तर कोरिया की तरफ से भविष्य में उठाए जाने वाले संभावित कदमों की जानकारी जुटाना और विश्लेषण करना जारी रख जाएगा। साथ ही सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि अमेरिका, कोरिया गणराज्य और अन्य संबंधित देशों के साथ मिलकर जवाब देने की प्रक्रिया में शामिल रहेंगे। कोरिया ने एक दिन पहले ही कम से कम 23 मिसाइलें दागी हैं, जो एक दिन में सबसे ज्यादा है। खबर है कि मध्य जापान में मियागी, यामागाटा और नीगाटा के रहवासियों से अंदर रहने के लिए कहा गया है।



# अपने बयान पर फंसे सांसद निरहुआ

**वाराणसी।** आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए वाराणसी की अदालत में याचिका दायर की गई है। निरहुआ पर चंदौली में एक भाषण के दौरान विवादित और अमर्यादित बयानबाजी करके यादव समाज को बांटने का आरोप लगाया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट/एसीजेएम पंचम उज्जवल उपाध्याय की अदालत ने दाखिल अर्जी पर प्रकीर्ण वाद के रूप में दर्ज करते हुए अगली सुनवाई के लिए चार नवंबर की तिथि नियत कर दी है। वाराणसी के चौबेपुर के छितौना गांव निवासी सुनील यादव ने अपने अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव के जरिये अदालत में परिवाद दाखिल किया है। परिवाद में आरोप लगाया गया है कि आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने 25 अक्टूबर को चंदौली में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सांसद ने खुले मंच से लोगों को संबोधित करते हुए विवादित व अमर्यादित बयानबाजी करके यादव समाज को बांटने की कोशिश की। सांसद के इस बयान से देश-विदेश में रहने वाले यादव समाज के लोगों की भावनाओ को ठेस पहुंची है। वहीं सासंद के इस बयान के बाद समाज के अन्य लोगों द्वारा टिप्पणी की जा रही है। इससे यादव जाति के लोग मर्माहत है। अदालत से सांसद के इस प्रकार द्वारा किये गए गैर जिम्मेदाराना कृत्य के लिए उन्हें अदालत में तलब कर दंडित किये जाने की मांग की गई है।

# पुतिन को पार्किंसंस और पैंक्रियाटिक कैंसर

**लंदन।** बीते कुछ महीनों में यूक्रेन ने रूस को युद्ध के मोर्चे पर कई गंभीर झटके दिए हैं. इसके साथ ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वास्थ्य को लेकर दावों और प्रतिदावों का भी सिलसिला शुरू हो गया है. कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पुतिन लंबे समय से बीमार चल रहे हैं. अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि व्लादिमीर पुतिन पार्किंसंस और पैंक्रियाटिक कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं. ब्रिटेन के अखबार द सन के मुताबिक पुतिन का फिलहाल इन दोनों बीमारियों का इलाज चल रहा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि पुतिन अपने साथ भारी मात्रा में स्टेरॉयड लेकर चलते हैं. इस रिपोर्ट के साथ कई ऐसी फोटो और वीडियो को भी साझा किया गया है, जिसमें रूसी राष्ट्रपति पुतिन कई कार्यक्रमों में असहज नजर आ रहे हैं. बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पार्किंसंस और पैंक्रियाटिक कैंसर के शुरुआती दौर से गुजर रहे हैं. द सन अखबार ने यह भी दावा किया है कि उसने रूसी खुफिया सूत्र से इस बारे में जुड़ी कुछ ईमेल को भी देखा है. इसके साथ ही द सन ने यह दावा भी किया है कि पुतिन का कैंसर अब शरीर के अन्य अंगों तक फैल रहा है. द सन ने अपनी रिपोर्ट में एक ईमेल का जिक्र किया है. इसमें लिखा है, मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं कि उन्हें शुरुआती स्तर की पार्किंसंस बीमारी से ग्रस्त पाया गया है, लेकिन उनका उपचार रंग ला रहा है. फिर ईमेल में आगे लिखा गया है, इस सच्चाई का हर स्थिति में खंडन किया जाए और इसे छिपा कर रखा जाए. खुफिया सूत्र की ईमेल के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूसी राष्ट्रपति पैंक्रियाटिक कैंसर के फैलाव को रोकने के लिए अपने साथ हमेशा हर तरह के स्टेरॉयड और दर्दनिवारक आधुनिक इंजेक्शन लेकर चलते हैं. सूत्रों के मुताबिक इससे न सिर्फ पुतिन को असहनीय दर्द होता है, बल्कि उनके चेहरे पर भी सूजन आ रही है. इसके अलावा क्षणिक याददाश्त चली जाना जैसे अन्य साइड इफैक्ट्स भी सामने आ रहे हैं. पुतिन के नजदीकी दोस्तों में यह भी चर्चा है कि पुतिन को प्रोस्टेट कैंसर भी है. रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन के हाथों में पहले ट्रैक मार्क देखे गए, जो आईवी ट्रीटमेंट की वजह से हो सकते हैं. पिछले महीने पुतिन बेचैनी, खांसी के दौरों और भूख नहीं लगने से पीड़ति रहे थे.



# नेपाल में आम चुनाव से पहले गूंजा भारत के साथ लगी सीमा का मुद्दा

**काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव नजदीक है। ऐसे में राजनीतिक दल पूरा दम लगा रही हैं। चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा भारत के साथ लगती हुई सीमा ही बनी हुई है। पार्टियों ने अपने-अपने घोषणापत्र भी जारी कर दिए हैं। सत्ता की दौड़ में रहने वाली दो बड़ी पार्टियो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल और नेपाल प्रजातंत्र पार्टी ने संविधान में बड़े बदलाव का वादा किया है। वहीं अपने वादों में दोनों ही पार्टियों ने भारत के साथ लगती सीमा के मुद्दे को भी शामिल किया है। लेफ्ट पार्टी के मुखिया केपी ओली ने माओवादी पार्टी के साथ मिलकर 2017 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। पार्टी ने अपने चुनावी अभियान को शुरू करने के लिए भी धारचुला का चुनाव किया था। धारचुला में नेपाल और भारत का बॉर्डर है। यहां तीन जगहों पर दोनों देशों के बीच में विवाद है। लिपुलेक, लिमपियाधुरा और कालापानी में नेपाल अपना दावा करता रहता है। 2019 में जब ओली प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने संसद में भी नए मैप को मंजूरी दी थी। उन्हें उम्मीद है कि दो युवाओं की मौत को भी वह मुद्दा बनाएंगे और यहां के स्थानीय लोगों की संवेदनाएं उन्हें मिल जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाए थे कि भारत ने ही उन दोनों की हत्या करवाी थी। अब ओली दावा कर रहे हैं कि भारत के साथ सटी सीमा को लेकर बातचीत शुरू हो गई थी लेकिन उनके कुर्सी से हटने के बाद इसपर विराम लग गया। मंगलवार को उन्होंने अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें इस बातचीत को आगे बढ़ाने की बात उन्होंने कही है। उन्होंने नेपाली कांग्रेस पार्टी और उसके गठबंधन पर आरोप लगाया है कि वे राष्ट्रहित से समझौता करते हैं। ओली के विदेश मामलों के सलाहकार रह चुके राजन भत्ताराई ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया है कि वह नेपाल के लोगों को मिलने का समय ही नहीं देते जिससे कि दोनों देशों के संबंध मजबूत किए जा सकें। वहीं माओवादी पार्टी ने कार्यकारी राष्ट्रपति के अधिकार में कैबिनेट के गठन वाले मॉडल को अपने घोषणापत्र में शामिल किया है।

# ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंग की आकृति पूजा मामले पर इस वजह से नहीं हो पाई सुनवाई



**वाराणसी।** वाराणसी सिविल जज सीनियर डिविजन कुमुद लता त्रिपाठी की अदालत में गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग की आकृति की पूजा पाठ रागभोग आरती करने सबंधित मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 नंबर की तिथि नियत की गई है। बता दे की शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य रहे और अब उनकी मृत्यु के बाद शंकराचार्य का पद सम्हाल रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद व रामसजीवन ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी, रमेश उपाध्याय चंद्रशेखर सेठ के माध्यम से अदालत में वाद दाखिल किया है जिसमे श्रृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के आदेश पर हुए कोर्ट कमीशन की कार्यवाही में मिले शिवलिंग की आकृति का विधिवत रागभोग, पूजन व आरती जिला प्रशासन की ओर से विधिवत करना चाहिए था। लेकिन अबतक प्रशासन ने ऐसा नहीं किया है। न किसी अन्य सनातनी धर्म से जुड़े व्यक्ति को इसके सम्बंध में नियुक्त किया। उन्होंने बताया कि कानूनन देवता की परस्थिति एक जीवित बच्चे के समान होती है। जिसे अन्न-जल आदि नहीं देना संविधान की धारा अनुच्छेद-21 के तहत दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार का उल्लंघन है।

# फर्श पर घायल, कुत्ता चाट रहा था खून

## कुशीनगर के जिला अस्पताल का वीडियो वायरल होने पर छह बर्खास्त

**कुशीनगर।** कुशीनगर के जिला अस्पताल के इमरजेंसी में घायल युवक के साथ संवेदनहीनता का वीडियो सोशल मीडिया पर गुरुवार को वायरल हो गया। वायरल वीडियो में जिला अस्पताल के इमरजेंसी में फर्श पर पड़े घायल युवक के पास कुत्ता फर्श पर बिखरा खून चाट रहा था। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए डीएम एस राजलिंगम ने पूरे मामले की जांच कराई। जांच के दौरान पता चला कि हालत गंभीर होने पर घायल युवक को रात के वक्त मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। रेफर किए जाने के बाद का वायरल वीडियो होने की बात सामने आ रही है। वीडियो की हकीकत जानने के बाद डीएम ने छह संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया। वहीं, इस मामले में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम शासन को सिफारिश करेंगे।दरअसल, एक नवंबर की रात 25 वर्षीय बिट्टू नामक एक युवक मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां स्वास्थ्यकर्मियों की संवेदनहीनता का आलम यह था कि खाली बेड होने के बाद भी घायल युवक को फर्श पर लेटा दिया गया था। महज 28 सकेंड के वायरल वीडियो में यह साफ तौर से दिख रहा है कि युवक फर्श पर पड़ा है और ठीक बगल में एक कुत्ता टहलते हुए पहुंच गया।

यहां फर्श पर बिखरे घायल युवक के खून को कुत्ता चाटते हुए नजर आ रहा है। गुरुवार की सुबह जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोग ट्वीटर से लेकर अन्य सोशल साइट्स पर इसे वायरल करने लगे। दिन चढ़ते ही यह वीडियो जिला प्रशासन तक पहुंच गया। सबसे पहले डीएम एस राजलिंगम ने वायरल वीडियो की जांच कराई। जांच के दौरान यह पता चला कि एक नवंबर की रात घायल युवक को इमरजेंसी में लाया गया था। यहां से उसे डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज भी रेफर कर दिया था। मगर, मेडिकल कॉलेज भेजने की बजाय वह काफी देर तक अस्पताल में फर्श पर ही पड़ा रहा और इसी दौरान उसके पास पहुंचा कुत्ता फर्श पर बिखरे खून को चाटने लगा। हकीकत सामने आने के बाद डीएम ने उस रात इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात वार्ड ब्वाय, स्वीपर, स्टाफ नर्स समेत छह संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त कर दी। जबकि, इसी मामले में ड्यूटी पर तैनात रहे डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर डीएम शासन से सिफारिश करेंगे। सीएमएस डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो को जिलाधिकारी ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है। इस तरह के कृत्य से जिला अस्पताल की छवि भी धूमिल हुई। इस मामले में रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात छह संविदाकर्मियों स्टाफ नर्स सुनील कुशवाहा, रामाशीष यादव, वार्ड ब्वॉय विजय बहादुर कुशवाहा, मनहरण शुक्ल, स्वीपर अर्जुन कुशवाहा, मुकेश कुमार को कार्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया गया है। सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी संवेदनहीनता के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। उन्होंने ट्वीटर पर लिखा कि जिला चिकित्सालय कुशीनगर के इमरजेंसी वार्ड में मरीज के पास कुत्ते के घूमने के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मैंने सीएमओ को इस संदर्भ में जिम्मेदारी निर्धारित की है। इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम एस राजलिंगम के अनुसार वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच करायी गई। इसमें लापरवाही सामने आने पर छह संविदा स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर भी कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा।



# श्री कालभैरव अष्टमी पर देर रात्रि में भैरव पठार मंदिर पर हुआ हवन पूजन

## सिरोंज -दरबार में 108 दीपक जलाकर हुई भैरव उपासना



पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

सिरोंज। प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी श्री भैरव पठार अलीगंज स्थित प्राचीन भैरव मंदिर पर बुधवार को श्री कालभैरव अष्टमी उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर दोपहर में मंदिर में श्री अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ तथा देर रात्रि में श्री भैरो जी महाराज के सम्मुख 108 दीपक प्रज्जवलित कर काल भैरव का पूजन अर्चन एवं हवन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी उपस्थित होकर भगवान श्री काल भैरव के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने भी भगवान श्री काल भैरव का पूजन अर्चन एवं हवन कर आरती की। वहीं गुरूवार को दोपहर में श्री अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर श्री ओमप्रकाश दुवे, सत्यनारायण शर्मा, शिवकुमार मिश्रा, प्रकाश शर्मा, सरसिज शर्मा, सर्वेश शर्मा के साथ ही ब?ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

# राजस्व विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

(हजारीबाग पुष्पांजली टुडे)-उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को समाहरणालय भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में दाखिल खारिज, प्रमाण-पत्र, भू मापी, लगान, ई-कोर्ट, फसल राहत, म्यूटेशन अपील, पीजी पोर्टल, पीएम किसान, भू-हस्तांतरण,अतिक्रमण आदि विषयों पर अद्यतन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राजस्व के मामले महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। अतः इनके निष्पादन में त्वरित गति के साथ संवेदनशील होकर कार्य करना नितांत आवश्यक है साथ ही उन्होने कहा की प्रखण्डो में राजस्व कर्मचारी हड़ताल से लौट आए है इसलिए अब युद्ध स्तर पर रविवार समेत दाखिल खारिज मामलों पर पूरी गति लाए।बैठक में उपायुक्त ने ई रेवेन्यू वादो में विभिन्न प्रखंडों द्वारा अत्यधिक पेंडेंसी पर खासी नाराजगी जताई व जल्द से जल्द डिस्पोज करने का निर्देश दिया। हल्कावार हर कर्मचारी के लॉगिन में पेंडेंसी पर रोष प्रकट किया। जीएम लैंड के जीआईएस टैगिंग की जानकारी ली एवं बरकट्ठा, पदमा, दारू आदि प्रखंडो के कम जियो टैगिंग पर नाराजगी




जताई। हालिया संपन्न हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में आए म्यूटेशन संबंधी मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारीयों को दिया।सदर महिला थाना, कोर्रा थाना,लोहसिंघना थाना, बिश्नुगढ़ में फुटबॉल स्टेडियम के प्रस्तावित नए भवन निर्माण के लिए जमीन चिन्हितीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी सदर एवं विष्णुगढ़ सीओ से ली। वहीं विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्रों के निष्पादन संबंधी समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि आवेदनों के लंबित रहने से आवेदकों को परेशानीयो का सामना करना पड़ता है इसलिए समय-सीमा के अंदर मामलों को निष्पादित करें। भू-हस्तांरण की मामले में उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित भू-हस्तांतरण के मामलों को चिन्हित कर हस्तांरण प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, डीसी एलआर विनोद कुमार,बरही एसडीओ एवं सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

# 3 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रहीश भैया- 7869883786**



पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के तहत थाना प्रभारी मोहना कृष्ण पाल यादव को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम मोहना में एबी रोड पर एक व्यक्ति अवैध गांजा लिए हुए खड़ा है और उसे कहीं खपाने की फिराक में है थाना प्रभारी ने तुरंत अपनी टीम उप निरीक्षक अजय पाल सिंह एसआई बाल किशन आरक्षक रोहित शिवहरे अमित दीपक तिवारी गंभीर जाट को संदिग्ध व्यक्ति की तलाश में भेजा उक्त टीम ने मुखबिर की बताई हुई जगह पर दबिश दी वहां एक व्यक्ति दीपक राठौर तातू लाल राठौर खेड़ा कॉलोनी एबी रोड मोहना एक प्लास्टिक के थैले में कुछ छुपाए हुए खड़ा था जिसको पुलिस ने तलाशी ली तो उसके उस प्लास्टिक के बैग में से 3 किलो अवैध एक गांजा जिसकी कीमत करीब ?45000 है पुलिस ने तुरंत व्यक्ति को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और विवेचना में लेते हुए उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**इनका कहना है**

हमको मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि अवैध रूप से गांजा बेचने की प्रार्थना कोई व्यक्ति है जिस पर मैंने टीम को निर्देशित किया और हमारी टीम ने व्यक्ति को पकड़ा उसके कब्जे से 3 किलो गांजा जिसकी कीमत करीब ?45000 है जप्त कर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया

**कृष्ण पाल यादव थाना प्रभारी मोहना**

# बंजारा समाज ने अनुविभागीय अधिकारी को सिरोंज जिला बनाओ को लेकर दिया ज्ञापन



पुष्पांजलि टुडे
रिपोर्टर अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज** बंजारा विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति संगठन मध्य प्रदेश की तहसील इकाई के द्वारा दोपहर में तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को सिरोंज जिला बनाओ को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें बंजारा विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति संगठन मध्यपदेश के कोषाध्यक्ष हेमा नायक ने बताया कि सिरोंज लटेरी से तहसील की दूरी जिले से 80 से लेकर 130 किलोमीटर तक की है , एवं सिरोंज पूर्व में भी जिला रहा है , इसलिए सिरोंज को जिला बनाया जाना चाहिए इस दौरान बीरन नायक , गोलू नायक, प्रीतम नायक सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे

# हनुमानजी का फोटो और मंदिर के शेप वाला केक काटा कमलनाथ ने, ओ पी एस भदौरिया ने बताया हिंदुओं का अपमान

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर राज्यमंत्री भदौरिया ने बोला हमला

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

**भिण्ड** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह केक काट रहे हैं। केक का शेप एक मंदिर की तरह है, जिसमें ऊपर हनुमानजी का फोटो और झंडा लगा है। बीजेपी ने इसे भगवान श्रीराम और हनुमानजी का अपमान बताया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि देखिए, इनका भगवान से कोई लेना-देना नहीं है। ये वो पार्टी है जो कभी राम मंदिर का वर्ड करती थी। फिर देखा, इसके कारण वोट का नुकसान हो जाता है तो हनुमान जी याद आ गए लेकिन मुंह में राम, बगल में छुरी और जाकी रही भावना जैसी वाली स्थिति है। अब बताइए, केक पर हनुमान जी बनाए जाते हैं यह सनातन परंपरा का अपमान नहीं है क्या ? आप हनुमान जी को केक पर बना रहे हैं और केक को काट रहे हैं। यह अपमान है हिंदू धर्म, सनातन परंपरा का जिसको यह समाज स्वीकार नहीं करेगा।राज्यमंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि मंदिर की डिजाइन और हनुमान जी की तस्वीर वाला केक पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार को छिंदवा?ा के शिकारपुर स्थित बंगले पर काटा है, जिसको लेकर अब विवाद ख?ा हो गया है। राम मंदिर रूपी केक और उसमें बने हनुमान जी की तस्वीर काटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शुरू से कमलनाथ और कांग्रेस राम मंदिर का विरोध करते आए हैं। अब उन्होंने राम मंदिर रूपी केक काटकर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया है।केक 4 लेयर का है। नीचे पहली लेयर पर लिखा है- हम हैं छिंदवा?ा वाले, इससे ऊपर दूसरी पर- जीवेत शरदः शतम्, तीसरी पर माननीय कमलनाथ जी और चौथी लेयर पर जन नायक लिखा हुआ है। चौथी लेयर पर हनुमान जी का फोटो है। केक पर मंदिर की तरह शिखर है। झंडा लगा हुआ है। कमलनाथ केक काटते नजर आ रहे हैं। साथ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र गुप्ता और दूसरे लोग भी हैं।राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं दूसरी तरफ उनके प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ इस प्रकार की हरकत कर भारत तोड़ने का काम कर रहे हैं और एक खुलेआम हिंदुओं का अपमान है जिन्होंने इस प्रकार का धार्मिक भावनाओं को पहुंचाने का काम किया इनको सबसे पहले भगवान मानसिकता को ठीक करें तब राहुल गांधी और कमलनाथ देश को जोड़ने की बात करें द्य उन्होंने कहा कि यह सही बात है यह वह कांग्रेस पार्टी है जो भारत तेरे टुकड़े करने वाले गैंग की विचारधारा के लोग इस प्रकार का भारतीय समाज में हिंदुओं का अपमान करने पर तुले हैं साथ ही हनुमान जी को भी अपमानित करने का काम किया



# आयुक्त-सह-प्रेक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल श्री चन्द्र किशोर उरांव ने किया तेनुघाट, बोकारो अंतर्गत मतदान केंद्रों का भ्रमण, मतदाता को होने वाली समस्याओं की ली जानकारी

## समस्याओं की बारीकी से जांच कर निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को किया निर्देशित





### फॉर्म 6,7 एवं 8 का बारीकी से मुआयना, सम्मानित खिलाड़ियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के सख्त निर्देश*

**(हजारीबाग पुष्पांजली टुडे)**:-मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री चन्द्र किशोर उरांव ने गुरूवार को तेनुघाट, बोकारो के मतदान केंद्रों का दौरा कर क्षेत्रीय गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने 34 गोमिया एसी, 35 बेरमो एसी,( बूथ संख्या- 103,104,105,106,107, 108,142,143,144,145,207,208,209,252,253) का भ्रमण कर वहां के सुरक्षा सहित कई पहलुओं का जायजा लिया। आयुक्त महोदय ने मतदाताओं से बात कर समस्याओं की जानकारी ली उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को होने वाली समस्याओं बारीकी से जांच कर का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया है। इस दौरान आयुक्त ने फॉर्म 6,7 एवं 8 का बारीकी से मुआयना किया।मतदाता सूची में सुधार हेतु आयुक्त ने दी जानकारी, वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करने हेतु किया प्रेरितआयुक्त ने कहा कि अगर मतदाता सूची में आपका कोई भी विवरण गलत दर्ज है, जैसे-नाम के वर्तनी में अशुद्धि, पता गलत दर्ज होना या आपकी उम्र संबंधी अशुद्धि है तो आप इसे सही करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से आप अपनी मतदान संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं।मृत मतदाओं का नाम मतदाता सूची से हटाने एवं सम्मानित खिलाड़ियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ना करें सुनिश्चितआयुक्त श्री उरांव ने उपस्थित अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि वैसे मतदाता जो मृत हो चुके हैं एवं वैसी स्त्रियां जो विवाहित होकर दूसरे स्थान चली गई है उनकी सूची तैयार कर उनका नाम मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सम्मानित व गणमान्य व्यक्तियों या खिलाड़ियों और विवाह कर आई मतदाताओं का नाम निश्चित रूप से मतदाता सूची में जोड़ा जाए।निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक सुमन, निर्वाची निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो श्री अनंत कुमार, सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी सह बी.डी.ओ/सी.ओ बेरमो, बी.डी.वो. गोमिया, बी.डी.वो. पेटरवार,बी.एल.वो संग अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भाजपा सांसद संध्या राय दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगी

## दंदरौआ धाम में चल रही श्री बागेश्वर धाम सरकार की हनुमंत कथा में होंगी शामिल

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

**भिण्ड** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 18 नवंबर को जिला मुख्यालय भिंड में अनेक कार्यक्रमों में शामिल होकर पार्टी कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगी सांसद संध्या राय 18 नवंबर को मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में चल रही श्री बागेश्वर धाम की हनुमंत कथा में शामिल होंगी और महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेगी इसी दिन भिंड में आयोजित लोकल कार्यक्रमों में भी शामिल होंग





## महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू ऍमसी लेआउट स्थित बाल गंगाधर नाथ स्वामी खेल मैदान में आयोजित बीजीएस क्रिकेट टूर्नामेंट मैं मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल को खेल की भावना से खेलें ।आयोजकों ने महेंद्र मुणोत को शॉल ओंढाकर सम्मानित किया गया । मुणोत ने खिलाडियों को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शक मौजूद थे।

# मिशन वात्सल्य एवं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना के तहत् प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**पुष्पांजली टुडे न्यूज**

**भिण्ड ।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में संत विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, इटावा रोड जिला भिण्ड में मिशन वात्सल्य एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत् प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सैना द्वारा विद्यालय के समस्त छात्रों को पॉक्सो एक्ट का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श की जानकारी तथा यदि कोई गलत व्यवहार करने की कोशिश करे तो बचाव के तरीकों चिल्लाना, भागना, सुरक्षित स्थान पर पहुंचना के बारे में समझाया गया। साथ में पोक्सो ई-बॉक्स पर ऑनलाईन शिकायत करने का तरीका भी बताया गया।




बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि बच्चों के साथ होने वाली घटनाओं में लालच या डर की ही प्रबलता रहती है। अतः बच्चे ना तो लालच में आएं ओर ना ही किसी से डरें। अपने माता-पिता को सारी बात बतायें और उनसे कुछ भी न छिपायें। दुनिया में ऐसा कोई सीक्रेट नहीं है। जो हम अपने माता-पिता से साझा न करें। माता-पिता से कोई सीक्रेट नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर क्राईम के बारे में स्पष्ट दिया गया है कि सोशल मीडिया का संभलकर उपयोग करें। अपनी व्यक्तिगत पहचान किसी को न बतायें।अनजानी, फ्रेन्डरिक्वेस्ट न भेजें और ना ही स्वीकार करें। परेशानी होने पर सायबर क्राइम पोर्टल और टॉल फ्री नम्बर 180010227222 पर सूचित करें।

उच्च शिक्षा विभाग से उपस्थित डॉ आर.ए. शर्मा द्वारा एक नाटक के माध्यम से स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित रखा जा सकता है, बताया गया। एक्ट के माध्यम से बचाव का व्यवहारिक तरीका चिल्लाना, भागना और सुरक्षित स्थान पर पहुचना बताया गया है। कार्यक्रम में बच्चों के लिये खुला मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सही जबाव देने बाले बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। सायबर क्राइम से संबंधित केलेण्डर वितरित किये गए विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में सभी बच्चों ने अनुशासित होकर प्रशिक्षण में भाग लिया व सहभागिता की। डॉ त्रिपाठी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम में सहयोग एवं संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पेन, पॉक्सो पैम्पलेट और बेटी बचाओ बेटी प?ाओ योजना के पैम्पलेट व चॉकलेट की भी व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सीमा त्रिपाठी, आनंद मिश्रा लेखापाल, जितेन्द्र शर्मा ऑकडा विश्लेषक, डॉ आर.ए. शर्मा विद्यालयीन स्टॉफ एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# सवर्णों को आरक्षण

गरीब सवर्णों को आरक्षण देने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुहर लगा दी है और इसके साथ ही आरक्षण के समग्र आधिकारिक स्वरूप में फिर बदलाव की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि, यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से किया है। तीन न्यायमूर्ति इस व्यवस्था के पक्ष में थे, जबकि प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र ने इस आरक्षण के खिलाफ मत देते हुए इसे अवैध और भेदभावपूर्ण करार दिया है। पांच जजों की पीठ की ओर से बहुमत से आए इस फैसले के बाद सवर्ण गरीबों को दस प्रतिशत आरक्षण मिलना जारी रहेगा। अभी तक संशय बना हुआ था कि गरीब सवर्णों को आरक्षण मिलना चाहिए या नहीं, क्योंकि आरक्षण की व्यवस्था तो अनुसूचित जातियों-जनजातियों व अन्य पिछड़ी जातियों के लिए हुई थी। संसद ने 103वें संविधान संशोधन के जरिये 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ों (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण देने के लिए कानून बनाया था। सरकार के इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिस पर अब फैसला आया है और इसका व्यापक सामाजिक-राजनीतिक असर भी विभिन्न राज्यों में दिखेगा। जाहिर है, जब संसद ने कानून बना दिया है, तो उस कानून को चुनौती देना आसान नहीं है। फिर भी दो न्यायमूर्तियों की राय विपरीत रही है, यह वास्तव में संकेत है कि गरीब सवर्णों को आरक्षण देने का मामला आगामी दिनों में भी गरम रहेगा। क्या आरक्षण से असंतोष को दूर किया जा सकता हैड़ क्या आरक्षण की बड़ती मांग को खारिज किया जा सकता हैड़ इसी फैसले में न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा है, यह विचार करने की जरूरत है कि आरक्षण कब तक जरूरी हैड़ उन्होंने यह भी कहा कि गैर-बराबरी को दूर करने के लिए आरक्षण कोई अंतिम समाधान नहीं है। यह सिर्फ एक शुरुआत है। मतलब आरक्षण का सवाल बहुत व्यापक है और हमें इसके लाभ-हानि पर विचार करते हुए आगे बड़ना चाहिए। पिछड़ी जातियों, जनजातियों और गरीब सवर्णों के बीच भी जो वास्तविक वंचित हैं, उनको हम लाभ पहुंचा पाएं, तो इससे बेहतर कुछ नहीं। अपने देश में अभी भी वंचितों की बड़ी संख्या है, जिसे मदद की जरूरत है। सरकारों को अपने स्तर पर कोशिश करनी चाहिए कि किसी वर्ग को कागज पर आरक्षण देने से ज्यादा जरूरी है, उस वर्ग के जरूरतमंदों तक आरक्षण को पहुंचाना, लेकिन क्या ऐसा हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के इस अहम फैसले पर राजनीति भी तेज हो गई है। अधिकतर राजनीतिक पार्टियों ने इस फैसले का स्वागत किया है, तो वहीं दलित समुदाय के कुछ बुद्धिजीवियों के स्वर प्रतिकूल हैं। आखिर नाराजगी कहां है और क्यों हैड़ दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय पहले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बड़ाने से इनकार कर चुका है। ओबीसी वर्ग को जब ज्यादा आरक्षण देने की बात आती है, तब इंदिरा साहनी मामले में लगी 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा का हवाला दे दिया जाता है, लेकिन जब 10 प्रतिशत आरक्षण गरीब सवर्णों को मिलेगा, तब आरक्षण की सीमा वैसे ही 60 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। इसका सीधा सा अर्थ है, 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा का अब कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं रह गया है। ऐसे में, आबादी के अनुपात में अन्य पिछड़ी जातियों या ओबीसी को ज्यादा आरक्षण देने के बारे में जरूर सोचना चाहिए। राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी पिछड़ी जाति या समाज में यह संदेश न जाए कि गरीब सवर्णों को तो आरक्षण मिलने लगा, पर हमें नहीं मिला।

# सप्ताह भर चलना था, लेकिन नौवें महीने में चल रहा युद्ध

**जब रूस की सैन्य शक्ति और उसकी अर्थव्यवस्था, के संबंध में अनुमान गलत था, तब युद्ध के बारे में अनेक भविष्यवाणियां वास्तविकता बन गई हैं। जैसा कि बहुतों को आशंका थी, युद्ध ने द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा शरणार्थी संकट पैदा कर दिया है। युद्ध की शुरुआत के बाद से 14.9 मिलियन यूक्रेनी अपने देश से बाहर चले गए हैं। आधे यूक्रेनी बच्चे अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। युद्ध का एक और नतीजा यह है कि आपूर्ति-श्रृंखलाएं टूट गई हैं। इससे अनेक देशों में खाद्य संकट पैदा हुआ है और अमेरिका व यूरोप में महंगाई और ऊर्जा की बड़ती कीमतों ने स्थितियों को बदतर बना दिया है। गेहूं और जौ का अभाव हुआ है, इनकी कीमतों में नाटकीय वृद्धि हुई है, जिससे खासतौर पर अफ्रीका में गरीबी बड़ी है। युद्ध का एक और अनुमानित परिणाम तेल की कीमत है, जो पूरे वर्ष ऊपर रही है। अमेरिका में गैस की कीमत एक संवेदनशील मुद्दा होने के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन को कीमत कम करने के प्रयास में देश के सामरिक पेट्रोलियम भंडार से लाखों बैरल तेल जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यूक्रेन में पुतिन के दुस्साहस के चलते हजारों यूक्रेन वासी और रूसियों की मौत हुई है और दोनों देशों में लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। युद्ध ने अथाह दर्द दिया है और पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। एक उम्मीद है, रूसी नेता युद्ध को वैसे ही खत्म करदेंगे, जैसे उन्होंने इसे शुरु किया था, एकतरफा। हालांकि, उम्मीद कोई रणनीति नहीं है।**

24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस का आक्रमण, जिसके बारे में कई विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की थी कि सात दिन के अंदर समाप्त हो जाएगा, अब नौवें महीने में चल रहा है। इस अप्रत्याशित परिणाम ने रूस के बारे में दो विरोधाभासी और प्रतिकूल सत्य प्रकट किए हैं - एक, इसने दिखाया है कि रूस देश की सेना हर किसी की कल्पना की तुलना में काफी कमजोर है; दूसरा, इसने दिखाया है कि रूस की अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक मजबूत है। यूक्रेन के उत्साही प्रतिरोध के सामने यह युद्ध मास्को के लिए एक दलदल बन गया है। अमेरिका और नाटो के अन्य भागीदार हथियारों, खुफिया और आर्थिक सहायता के साथ यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। जब रूसी सेना ने यूक्रेन की सीमा में घुसकर हमला बोला, तब उसका प्राथमिक लक्ष्य यूक्रेन में सत्ता परिवर्तन करना था, जैसा कि अमेरिका ने इराक में कभी किया था। साफ हो गया कि मनोबल और मशीनरी, दोनों में रूस को अभी मीलों दूर जाना है। इसका प्रमाण खुद पुतिन के शब्दों और कार्यों से मिलता है। उन्होंने आरक्षित बलों को भी युद्ध के लिए जुटाने का आदेश दिया। रूस के हथियारों का विकास और सुधार करने का आह्वान किया। एक और धारणा विशेष रूप से पश्चिमी दुनिया में युद्ध के शुरुआती दिनों में यह थी कि रूसी अर्थव्यवस्था कठोर पश्चिमी प्रतिबंधों के बोझ तले दब जाएगी। अमेरिका और नाटो देशों ने तमाम उपाय किए, लेकिन रूस को अलग-थलग नहीं कर पाए। हालांकि, शुरुआती महीनों में दिए जा रहे अधिकांश संकेत प्रतिकूल थे। संकेत थे कि रूसी अर्थव्यवस्था में धमाके हो रहे हैं। बेशक, रूस का सकल घरेलू उत्पाद गिरावट पर है, लेकिन रूसी अर्थव्यवस्था अभी भी अपने पैरों पर खड़ी है। इसके लिए रूस को अपने विशाल ऊर्जा भंडार, मुख्य रूप से हाइड्रोकार्बन,



साथ ही, अपने मित्र और पड़ोसी चीन का आभार जताना होगा। द इकोनॉमिस्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की एक नवीनतम रिपोर्ट के आधार पर प्रतिबंधों का रूसी तेल उत्पादन पर सीमित प्रभाव पड़ा है। इस मामले में भी प्रतिबंधों को बेअसर करने में चीन से मिली मदद महत्वपूर्ण है। युद्ध की शुरुआत के बाद से चीन-रूस व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, मुख्य रूप से रूसी तेल और कोयले की चीनी खरीद के बल पर ऐसा हुआ है। चीनी कंपनियां पश्चिमी ब्रांडों द्वारा रूस में छोड़ी गई जगह को भरने के लिए होड़ कर रही हैं।

जब रूस की सैन्य शक्ति और उसकी अर्थव्यवस्था, के संबंध में अनुमान गलत था, तब युद्ध के बारे में अनेक भविष्यवाणियां वास्तविकता बन गई हैं। जैसा कि बहुतों को आशंका थी, युद्ध ने द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा शरणार्थी संकट पैदा कर दिया है। युद्ध की शुरुआत के बाद से 14.9 मिलियन यूक्रेनी अपने देश से बाहर चले गए हैं। आधे यूक्रेनी बच्चे अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। युद्ध का एक और नतीजा यह है कि आपूर्ति-श्रृंखलाएं टूट गई हैं। इससे अनेक देशों में खाद्य संकट पैदा हुआ है और अमेरिका व यूरोप में महंगाई और ऊर्जा की बड़ती कीमतों ने स्थितियों को बदतर बना दिया है। गेहूं और जौ का अभाव हुआ है, इनकी कीमतों में नाटकीय वृद्धि हुई है, जिससे खासतौर पर अफ्रीका में गरीबी बड़ी है। युद्ध का एक और अनुमानित परिणाम तेल की कीमत है, जो पूरे वर्ष ऊपर रही है। अमेरिका में गैस की कीमत एक संवेदनशील मुद्दा होने के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन को कीमत कम करने के प्रयास में देश के सामरिक पेट्रोलियम भंडार से लाखों बैरल तेल जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यूक्रेन में पुतिन के दुस्साहस के चलते हजारों यूक्रेन वासी और रूसियों की मौत हुई है और दोनों देशों में लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। युद्ध ने अथाह दर्द दिया है और पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। एक उम्मीद है, रूसी नेता युद्ध को वैसे ही खत्म करदेंगे, जैसे उन्होंने इसे शुरू किया था, एकतरफा। हालांकि, उम्मीद कोई रणनीति नहीं है। इस उम्मीद को साकार करने के लिए दुनिया भर में यूक्रेन और उसके समर्थकों को अपनी ताकत और इच्छा का प्रदर्शन करना होगा।

# बहुत जरूरी है कि इन जहरीली हवाओं पर हमें शर्म आए

यह साल का वह समय है, जब जहरीली धुंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अमीरों और साथ-सुथरे लोगों के चेहरों को देखना मुश्किल बना देती है। फिर भी, वे यहां रहने के लिए अभिशप्त दिखते हैं। हर नवंबर में वे विदेश में कहीं नागरिकता लेने या गोवा में घर खरीदने पर विचार करते हैं। ऐसा करते हुए वे परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से अपने उन साथियों या परिजनों का तिरस्कार करते हैं, जो पेशेवर कारणों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फंसे हुए हैं।

ऐसे लोग दिल्ली में रहने के लिए हर साल लाखों रुपये खर्च करते हैं। अपने विशाल घर, बच्चों के स्कूल, क्लब, कारों और रेस्तरां पर वे खर्च करते हैं, उनकी खर्च का एक बड़ा हिस्सा केवल इसलिए होता है, ताकि असली भारत को वे खुद से दूर रख सकें। फिर भी, वास्तविक भारत को उनके आलीशान गड़ों से बाहर रखना मुश्किल है। खासकर जब मौसमी हवा का पैटर्न यह सुनिश्चित करता है कि उत्तर भारत के वाहनों, कृषि व औद्योगिक प्रदूषण बहकर दूर न जाए और लाखों लोगों के फेफड़ों को जहरीले तत्वों से भर दे, जिससे शरीर को कई तरह की अपूरणीय क्षति पहुंचे।

वास्तव में, भारतीय राजनीति का हर अहम पहलू धुंध में योगदान देता है, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है, जो प्रदूषण फैलाने वाले किसानों को लाड़-प्यार के माध्यम से यह दर्शाती है कि उसका वादा केवल स्वच्छ सरकार था, स्वच्छ हवा नहीं। नतीजतन, उत्तर भारत में सर्दियों की हवा को साफ करने का तरीका लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर हो गया है। मगर कैसेड़ पिछले साल, वायु गुणवत्ता के बारे में बहुत विलाप किया गया था; समितियों का गठन किया गया और राजनेताओं व नौकरशाहों द्वारा अच्छी-अच्छी बातें कही गईं। जाहिर है, कुछ भी काम नहीं किया गया। इस साल पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं बड़ी हैं। जिन्हें अक्सर पवित्र प्राणी माना जाता है और अक्सर अन्नदाता कहा जाता है, उन्होंने खेतों में आग के खिलाफ सरकारी कार्रवाई का कामयाबी से विरोध किया है। वे पराली से निपटने के साफ-सुथरे तरीकों को अपनाने के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। तब तक प्रदूषण गला घोंटता रहेगा। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ भाजपा के भक्तों ने ऐसा आभास कराया है कि पराली जलाना ही वह कारण है, जिससे दिल्ली का दम घुट रहा है। यह सच नहीं है। प्रदूषण भारतीय जीवन के कई पहलुओं का संयुक्त परिणाम है। कुछ साल पहले बीजिंग पृथ्वी पर सबसे प्रदूषित स्थानों में से एक बन गया था, पर अब दिल्ली की तुलना में अधिक स्वच्छ है। ऐसा कैसे है, चीन की सरकार, जिसे निरंकुश कहा जाता है, भारत की तुलना में अधिक मानवीय हैड़ मुद्दा यह है कि यहां राजनीतिक अक्षमता लोकतंत्र द्वारा संरक्षित है। औसत भारतीय मतदाता हवा की गुणवत्ता की बिल्कुल परवाह नहीं करता है। हमारे नेता जानते हैं कि भारत में चुनाव वायु गुणवत्ता से तय नहीं होते हैं। जो भी हो, उनके लिए यह एक मौसमी घटना है, और आम लोग धुंध के छंटते ही प्रदूषण को भूल जाते हैं। बहरहाल, हम अक्सर कोसते हैं कि हमारा शासन कितना खराब है; पर रोचक सवाल यह है कि फिर भी हमारे आसपास अच्छी चीजें क्यों होती हैंड़ मैं तीन तरीके देखता हूं, जिससे उत्तर भारत सर्दियों में होने वाले प्रदूषण का समाधान कर सकता है। इनमें से किसी से भी मानव हित को कोई असुविधा नहीं होगी, लेकिन इनमें से प्रत्येक को राजनेताओं के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।



एक, बुजुर्गों का अपना हित। बूढ़े लोग सबसे ज्यादा जोखिम में होते हैं। वे प्रभावशाली भी होते हैं। बुजुर्ग नेताओं को अगर प्रेरित किया जाए, तो समस्या को हल करने की इच्छाशक्ति मिल सकती है। दूसरा, दूरदर्शी व प्रभावशाली राजनेता, जो यह महसूस करते हैं कि एक रहने योग्य समृद्ध देश में राजनेता कई गुना अधिक लाभ या पैसे जुटा सकते हैं। सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के प्रति सजग ऐसे नेता, जीवन स्तर में सुधार के लिए आक्रामक भी हो सकते हैं। तीसरा, शर्म का राष्ट्रवाद। ऐतिहासिक रूप से, राष्ट्रवाद गर्व के रूप में शुरू होता है। यहां जो लोग ऊंचे दांव लगाते हैं या बड़े सपने देखते हैं, वे अपनी खामियों पर बहुत शर्मिंदा भी महसूस करते हैं। शर्म बुद्धि का ही एक रूप है, और मैं चाहता हूं कि शर्म आए।

# एलन मस्क अपनी 'चिड़िया' को देंगे कितनी आजादी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को बेचने-खरीदने की कवायद लगभग छह महीने से चल रही थी, आखिरकार प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क को अपने इस अभियान में कामयाबी मिली है। उन्होंने ट्वीट किया है, 'द बर्ड इज फ्रीड'। मतलब ट्विटर की चिड़िया आजाद की जाती है। उन्होंने ऐसा क्यों कहाड़ वास्तव में, एक अलग सोच के तहत ट्विटर चलता दिखता था। माना जाता था कि उसका एजेंडा वाममार्गी या लेफ्टिस्ट है और कंजर्वेटिव विचारों को आगे आने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। मस्क का इशारा इसी ओर है। अब तक जिस सोच में ट्विटर जकड़ा हुआ था, उस सोच से उसे बाहर लाया जाएगा। कोई दोराय नहीं, सबको अपने विचार सामने रखने का हक है, अब शायद यह काम ट्विटर पर बेहतर ढंग से हो। इसमें मस्क कितने सफल होंगे, कहना मुश्किल है। बहरहाल, ट्विटर की सौदेबाजी में औपचारिकताएं इतनी ज्यादा थीं कि सौदे में समय लग गया। सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि एलन मस्क ट्विटर के बारे में बहुत कुछ या सब कुछ जानना चाह रहे थे। उन्होंने साफ कर दिया था कि जब तक उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिलेगी, वह सौदे के लिए आगे नहीं बढ़ेंगे। वह जानना चाहते थे, ट्विटर पर कितने अकाउंट हैं, कितने असली हैं, कितने नकली ट्विटर प्रबंधन ये जानकारियां मुहैया कराने में आनाकानी कर रहा था। यह बात पहले ही साफ हो गई थी, ट्विटर का प्रबंधन मस्क के पक्ष में नहीं है। दूसरी ओर, ट्विटर के निवेशक अपना हिस्सा बेचने को तैयार थे, क्योंकि उन्हें इसके लिए बहुत अच्छे पैसे मिल रहे थे। मस्क यह बोलते हुए पीछे हट गए थे कि जब तक पूरी पारदर्शिता नहीं होगी, वह पैसा नहीं लगाएंगे। कुछ निवेशक अदालत चले गए कि मस्क सौदा करने में वक्त लगा रहे हैं। कोर्ट ने भी मस्क से कहा था, आप साफ हां या न कहिए। अंततः सौदे की तारीख 28 अक्तूबर तय हो गई थी। अंततः निवेशकों की ओर से ऐसा दबाव पड़ा कि ट्विटर प्रबंधन को झुकना पड़ा। मस्क को संतुष्ट किया गया, तब सौदा मुकम्मल हुआ। अब ट्विटर में बदलाव तय है। मस्क ने पहले ही बड़े बदलाव के पक्ष में बयान दिए थे। तय था, मस्क निवेशक के रूप में नहीं, संचालक के रूप में इसे अपने कब्जे में लेंगे। ऐसे में, अब ट्विटर के मुख्य कार्यकारी पराग अग्रवाल सहित अनेक अफसरों को जाना पड़ा है। कंपनी की लीगल हेड विजया गड्डे को भी बाहर कर दिया गया है, वाम विचारों वाली गड्डे ने ही डोनाल्ड ट्रंप को हमेशा के लिए प्रतिबंधित किया था। अब ट्विटर के प्रबंधन में मस्क के ही लोग बैठेंगे। एक बात यह सामने आ रही है, जिन लोगों को राजनीतिक कारणों से ट्विटर पर प्रतिबंधित कर दिया गया था, उनकी वापसी होगी। ट्विटर पर यही सबसे बड़ा आरोप था कि उसका प्रबंधन सारे फैसले खुद करता है। जिसको चाहा प्रतिबंधित किया, न पूछताछ न सुनवाई का मौका। ट्विटर की कोई पारदर्शिता या जवाबदेही नहीं थी।

माना जाता था कि उसका एजेंडा वाममार्गी या लेफ्टिस्ट है और कंजर्वेटिव विचारों को आगे आने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। मस्क का इशारा इसी ओर है। अब तक जिस सोच में ट्विटर जकड़ा हुआ था, उस सोच से उसे बाहर लाया जाएगा। कोई दोराय नहीं, सबको अपने विचार सामने रखने का हक है, अब शायद यह काम ट्विटर पर बेहतर ढंग से हो। इसमें मस्क कितने सफल होंगे, कहना मुश्किल है। बहरहाल, ट्विटर की सौदेबाजी में औपचारिकताएं इतनी ज्यादा थीं कि सौदे में समय लग गया। सबसे बड़ा मुद्दा यह था कि एलन मस्क ट्विटर के बारे में बहुत कुछ या सब कुछ जानना चाह रहे थे। उन्होंने साफ कर दिया था कि जब तक उन्हें पूरी जानकारी नहीं मिलेगी, वह सौदे के लिए आगे नहीं बढ़ेंगे।

# आखिर हमने क्यों शुरू किया आरक्षण

सोमवार को अपने आदेश में सर्वोच्च अदालत ने गरीब सवर्णों को आरक्षण देने संबंधी कार्यपालिका के आदेश की वैधानिकता तय कर दी। मगर इस फैसले के कई पहलू ऐसे हैं, जिन पर स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं है। चिंता की बात यह भी है कि आरक्षण को लेकर समाज का दृष्टिकोण तेजी से बदल रहा है और समाज विज्ञानियों के अलावा शायद ही कोई अन्य आरक्षण व्यवस्था का तार्किक, दार्शनिक और नैतिक आधार जानता है। हमारे मुल्क में जो सामाजिक व्यवस्था है, उसमें किसी भी अन्य देश की तरह कुछ ताकत के कारक हैं, तो कुछ दोष के। इन गबड़ियों को दूर करने की जिम्मेदारी आजादी के बाद की पीड़ी की थी और इसके लिए संविधान नामक मार्गदर्शक दस्तावेज भी बनाया गया। इसमें उन वर्गों और समुदायों के लिए विशेष अवसर के प्रावधान किए गए, जिनको हम वंचित कहते हैं। अपने देश में भेदभाव के चार आधार रहे हैं- लिंग भेद, जाति भेद, गरीबी-अमीरी और धर्म या धार्मिक बहुसंख्यक। आरक्षण की व्यवस्था इसीलिए की गई कि जो लोग पीछे हैं या जिन लोगों के पांवों में हमने परंपराओं की जंजीर बांध रखी थी, वह जंजीर राजनीतिक समानता पैदा करने से तो टूट गई, लेकिन आर्थिक व सामाजिक समानता के लिए उनमें नेतृत्व-निर्माण और क्षमता-विस्तार भी आवश्यक था। क्षमता-विस्तार के लिए शिक्षा के अधिकार की जरूरत थी, तो नेतृत्व-निर्माण के लिए आरक्षण की। आज यदि गरीबी का समाधान भी आरक्षण में खोजा जा रहा है, तो यह संविधान की प्रतिकूल व्याख्या ही कही जाएगी। गरीबी दूर करने के लिए रोजगार के अधिकार की आवश्यकता है, आरक्षण की नहीं। फिर, आरक्षण की विडंबना है कि यह सिर्फ सरकारी क्षेत्र में लागू है और पिछले तीन दशकों से यह क्षेत्र सिमट रहा है एवं निजी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। यही कारण है कि आज आरक्षण के कारण हम नई पीड़ी को ऐसा कागजी फूल दे रहे हैं, जो न रखने लायक है और न फेंकने लायक। जिनको आरक्षण मिला है, उनमें भी बेरोजगारी कमोबेश उतनी ही है, जितनी आरक्षण से वंचित तबके के बच्चों में। फिर भी, सवर्णों में आरक्षण को लेकर एक तनाव है, जबकि सच्चाई यह है कि देश में रोजगारहीन विकास का मॉडल खड़ा किया गया है, जिससे पार पाने का



तरीका यही है कि हम आजीविका को बुनियादी अधिकार बनाएं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की पिछली केंद्र सरकार ने ग्रामीण भारत के लिए रोजगार की व्यवस्था करके इसका उपाय निकालने का प्रयास किया था, जिसके बाद भारत की राजसत्ता कम से कम गांवों में बेरोजगारों के साथ खड़ी दिखती है। पिछले दिनों नगरों में भी रोजगार की गारंटी देने वाली योजना की शुरुआत राजस्थान की सरकार ने की है, जिसका असर देर-सबेर अन्य प्रदेशों पर भी पड़ेगा, क्योंकि रोजगारहीन नागरिकता निरर्थक होती है। यही वजह है कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण पर सर्वोच्च अदालत का ताजा फैसला विडंबनापूर्ण है। वैसे भी, आरक्षण की जो मर्यादा कुछ साल पहले नौ जजों की बेंच ने तय की थी, एक तरह से उस पर भी पांच जजों की पीठ ने निर्णय दिया है। यह समझना होगा कि 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था इसलिए नहीं की गई थी कि इसकी एक सीमा होनी चाहिए। ऐसा दरअसल इसलिए किया गया था कि यदि कुछ सक्षम लोग अपनी ज्ञान-शक्ति के आधार पर देश चलाएंगे, तो कुछ लोगों को विशेष अवसर देकर क्षमता-निर्माण का अवसर दिया जाना चाहिए। इस मर्यादा से मंडल आयोग के समर्थक अब तक नाराज हैं। तमिलनाडु ने भी अपने यहां जो व्यवस्था दी है, उसे अदालत को काफी पहले सुलझा लेना चाहिए था। ऐसा न करने के कारण और तय सीमा से अधिक आरक्षण की व्यवस्था तमिलनाडु की प्रतिभाओं को सिलिकॉन वैली पहुंचा चुकी है। जाहिर है, आरक्षण एक समाज वैज्ञानिक उपकरण है, जिसका इस्तेमाल अब राजनीति के माहिर खिलाड़ी करने लगे हैं।

यहां मेरी मंशा न्यायमूर्तियों के विवेक पर सवाल उठाने की कतई नहीं है। वे सब गुणी हैं, पर यह सवाल भी गलत नहीं कि जिस मुद्दे पर नौ जजों की बेंच ने एक निर्देश जारी किया था, क्या उसे पांच जजों की पीठ ने महत्वहीन नहीं बना दियाड़ संविधान की आत्मा तो यही कहती है कि जो लोग सामाजिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर हैं, उन्हीं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए, और जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उनके लिए नियोजन की। जब देश के करीब 80 करोड़ लोग इतने सक्षम नहीं कि वे अपने लिए दो वक्त का अनाज जुटा सकें और सरकार से खाद्यान्न मिलने की उम्मीद लगाए हुए हों, तब आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों के इस आरक्षण का भला क्या मतलब हैड़

अपने देश में हर साल 1.5 करोड़ नौजवान श्रम बाजार में उतरते हैं, जबकि हमारी क्षमता महज 25-35 लाख रोजगार सालाना पैदा करने की है। स्पष्ट है, करीब सवा करोड़ के इस अंतर की भरपायी आरक्षण से नहीं हो सकती। इसके लिए हमें रोजगार आधारित नियोजन की जरूरत है। मगर वोट-बैंक के लिए जिस दलदल में देश को धंसाया जा चुका है, उससे पार पाने में शीर्ष अदालत का फैसला सक्षम नहीं है। देश की प्रगति की प्रक्रिया में जो लोग पीछे छूट गए हैं, उनको साथ लेकर चलना राजसत्ता का हमेशा लक्ष्य होना चाहिए, तभी समावेशी विकास होगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन है, जबकि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अनेकता में एकता की बात कही थी। यानी, इस मामले में नेहरू और मोदी समान धरातल पर हैं। इसीलिए सबसे पहले आरक्षण उसे मिलना चाहिए, जो दिव्यांग हैं, फिर जिस घर में कमाने वाले पुरुष का देहांत हो चुका हो, इसके बाद भौगोलिक रूप से मुश्किलों से जूझने वाले लोगों को और अंत में, जाति या संख्या बल से पीड़ित जरूरतमंदों को। ईडब्ल्यूएस आरक्षण की व्यवस्था संविधान के तहत नहीं, वोट-बैंक के लिए की गई और अदालत ने इसे जारी रखकर एक तरह से निराश ही किया है। हम आशा करते हैं कि प्रधान न्यायाधीश पूर्ण सांविधानिक पीठ का गठन करके तमाम उलझनों को दूर करेंगे, जबकि शासन देश के जाने-माने समाज विज्ञानियों का आयोग बनाकर आरक्षण व्यवस्था की मर्यादा बचाने के उपाय तलाशेगा। आरक्षण नीति की समीक्षा मौजूदा वक्त की जरूरत है। टुकड़े-टुकड़े में इसके बारे में फैसला कतई देशहित में नहीं है।

# अंजलि अरोड़ा की बर्थडे पार्टी के फोटोज वायरल

सोशल मीडिया सेंसेशन अंजलि अरोड़ा का आज जन्मदिन है। अंजलि अरोड़ा ने बीती रात दोस्तों को बर्थडे पार्टी दी, जहां उन्होंने खूब मस्ती की। अंजलि की बर्थडे पार्टी में उर्फी जावेद सहित कई और सेलेब्स शुमार हुए, जहां उन्होंने धमाल किया। अंजलि के बर्थडे पार्टी के इनसाइड फोटोज सामने आए हैं, जहां वो काफी मस्ती के मूड में नजर आ रही हैं। अंजलि इन तस्वीरों में काफी खूबसूरत दिख रही हैं। बीती रात अंजलि अरोड़ा ने मुंबई के दोस्तों को प्री बर्थडे पार्टी दी। इस खास मौके पर उर्फी जावेद, निशा रावल, समीक्षा सुद, पारस कलनावत, उमर रियाज, अली मर्चेंट, जीशान खान और विनीत कक्कड़ सहित कई अन्य सेलेब्स शुमार रहे। अंजलि की पार्टी में सभी सेलेब्स ने खूब मस्ती की। अंजलि की बर्थडे पार्टी के इनसाइड फोटोज में वो एक ओर जहां काफी खूबसूरत दिख रही हैं तो दूसरी ओर काफी मस्ती करती भी दिख रही हैं। लाल गाउन में 23 की हो चुकीं अंजलि दिलकश लग रही थीं। अंजलि ने पार्टी में केक कट किया, खूब मस्ती और ढेर सारा डांस किया। सोशल मीडिया यूजर्स भी अंजलि के लुक की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि कच्चा बादामा गाने पर डांस करके रातों रात इंटरनेट सेंशन बनीं अंजलि अरोड़ा की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अंजलि अरोड़ा ने कंगना रनौत के शो लॉक अप में भी जलवा बिखेरा है। इसके बाद से ही अंजलि अरोड़ा कई म्यूजिक वीडियोज में नजर आ चुकी हैं, जिन्हें फैन्स ने खूब प्यार दिया है। अंजलि अरोड़ा का फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर अक्सर वायरल होते हैं, और कमेंट्स सेक्शन में फैन्स खूब प्यार बरसाते हैं। हालांकि कई बार उन्हें ट्रोल भी किया जाता है।

अंजलि की पार्टी में सभी सेलेब्स ने खूब मस्ती की। अंजलि की बर्थडे पार्टी के इनसाइड फोटोज में वो एक ओर जहां काफी खूबसूरत दिख रही हैं तो दूसरी ओर काफी मस्ती करती भी दिख रही हैं। लाल गाउन में 23 की हो चुकीं अंजलि दिलकश लग रही थीं।

## उर्फी जावेद को स्टाफ मेंबर ने लगाई लाखों रुपये की




## बोनी कपूर की इन हरकतों से परेशान जाह्नवी कपूर



द कपिल शर्मा शो में हाल ही में जाह्नवी कपूर अपनी फिल्म मिली के प्रमोशन के लिए पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ उनके पिता बोनी कपूर भी पहुंचे। दोनों ने शो में एक-दूसरे को लेकर खूब बात की। अब शो का नया प्रोमो सामने आया है जिसमें कपिल दोनों का स्वागत करते हैं। इसके बाद हमेशा की तरह वह जाह्नवी के साथ मस्ती करना शुरू कर देते हैं। वह जाह्नवी से पूछते हैं कि आज वह स्टार बन गई हैं तो आज भी जब वह बोनी के साथ जाती हैं तो उन्हें ऐसा तो नहीं लगता कि बोनी अभी भी उन्हें स्कूल छोड़ने आ रहे हैं। इस पर जाह्नवी कहती हैं कि मुझे तो हमेशा ऐसा लगता है कि जैसे वह स्कूल छोड़ रहे हैं। वह आगे कहती हैं, आज कपिल शर्मा शो पर छोड़ने आए थे पर अंदर ही आ गए अभी। जाह्नवी की बात सुनकर कपिल और अर्चना जोर-जोर से हंसने लगते हैं। कपिल ने फिर दोनों से पूछा कि क्या खाने को लेकर परिवार में कोई बहस होती है क्योंकि श्रीदेवी साउथ इंडियन थीं और बोनी तो पंजाबी बैं। जाह्नवी ने फिर बताया कि घर में सब दोनों फूड खाते हैं साउथ इंडियन और पंजाबी। फिर वह बताती हैं कि बोनी दोनों फूड खाते हैं और उन्हें साउथ इंडियन भी पसंद है। इसके बाद जाह्नवी, श्रीदेवी के पॉपुलर गाने हवा-हवाई गाने पर भी डांस करती हैं। इस दौरान उनके साथ सुमोना चक्रवर्ती और श्रृष्टि रोड़े भी होती हैं। जाह्नवी का डांस देखकर फैंस को श्रीदेवी की याद आ जाती है। फिल्म मिली की बात करें तो इसका ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि जाह्नवी एक फ्रिजर में फंस जाती हैं और खुद को वहां से निकालने के लिए वह मौत से लड़ती हैं। अब वह जिंदगी और मौत की लड़ाई जीत पाएंगी या नहीं, ये आपको फिल्म देखकर पता चलेगा। फिल्म में जाह्नवी के अलावा मनोज पाहवा, सनी कौशल भी अहम किरदार में हैं। इसे बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि पहली बार किसी फिल्म के जरिए जाह्नवी और बोनी साथ में काम कर रहे हैं।

## नव्या नवेली को डेट करना चाहते हैं सिद्धांत

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी के रिलेशनशिप की खबरें काफी समय से सुर्खियों में है। दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर खूब कमेंट्स करते हैं और जब भी किसी इवेंट में दोनों साथ नजर आते हैं तो उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर जरूर वायरल होती हैं। हाल ही में दोनों मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में भी नजर आए। कई बार सिद्धांत से रिलेशनशिप की खबरों के बारे में पूछा गया जिस पर वह हमेशा नव्या को अच्छा दोस्त बताते। अब हाल ही में सिद्धांत से एक इंटरव्यू में फिर इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया। दरअसल, हाल ही में सिद्धांत अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत के प्रमोशन के लिए पहुंचे। इस फिल्म में उनके साथ ईशान खट्टर और कटरीना कैफ लीड रोल में हैं। इस दौरान सिद्धांत और ईशान से पूछा गया कि आपको लेकर ऐसी कोई अफवाह है जिसे वह चाहते हैं कि सच हो। इस पर सिद्धांत ने गुड टाइम्स से बात करते हुए कहा कि ये अफाह कि मैं किसी को डेट कर रहा हूं। काश येसच होता। वैसे बता दें कि भले ही सिद्धांत कई बार इन अफवाहों को मना करते हैं, लेकिन उतना ही



उनके चर्चे बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में जब करण जौहर के शो में सिद्धांत पहुंचे तो करण ने उनसे पूछा था कि क्या वह किसी को डेट कर रहे हैं तो सिद्धांत ने जवाब दिया था कि फिलहाल मैं सिर्फ काम के साथ कमिटिड हूं। इस पर फिर ईशान ने बीच में चिढ़ाते हुए कहा था, अरे इनसे पूछो कि आनंदा कौन है। इस पर सिद्धांत तुरंत कहते हैं कि नहीं यार मैं सिंगल हूं। बता दें कि हाल ही में जब मनीष मल्होत्रा की पार्टी में दोनों पहुंचे थे तो मीडिया ने सिद्धांत को चिढ़ाके हुए कहा था कि नव्या जी आ रहे हैं, रुक जाइए ना। तो वहीं नव्या जब आईं तो उन्होंने नव्या से कहा था, अरे नव्या जी आपका कोई इंतजार कर रहा था। सिद्धांत के बारे में बता दें कि उन्होंने अपने एक्टिंग की शुरुआत साल 2017 में आए टीवी सीरीज लाइफ सही है से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म गली बॉय में काम किया जिसमें उनके एम सी किरदार को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट लीड रोल में थे फिर भी सिद्धांत ने अपने किरदार से सभी को अट्रैक्ट किया। अब फोन भूत के बाद सिद्धांत फिल्म खो गए हम कहां में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ अनन्या पांडे और आदर्श गौरव लीड रोल में होंगे।


## सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी की तैयारी फुल स्विंग में



सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बॉलीवुड की पॉपुलर जोड़ी है। दोनों को फैंस बहुत पसंद करते हैं। कुछ दिनों से दोनों की शादी की खबरें भी कुछ दिनों से खूब सुर्खियों में हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे। इसी बीच अब शादी को लेकर एक और नया अपडेट आया है। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों अब शादी के लिए लोकेशन देख रहे हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धार्थ मल्होत्रा के क्लोज सोर्स ने कहा कि दोनों महीने से शादी के लोकेशन ढूंढ रही हैं और ऐसा पता चला है कि कियारा और सिद्धार्थ चंडीगढ़ में लग्जरी प्रॉपर्टी ढूंढ रहे हैं। वहीं चंडीगढ़ के द ओबेरॉय सुखविला स्पा और रिजॉर्ट को शादी के लिए देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राजकुमार राव और पत्रलेखा की भी शादी इसी जगह पर हुई थी। उन्होंने आगे कहा, ऐसा भी कहा जा रहा है कि पहले दोनों गोवा में शादी करने का प्लान बना रहे थे, लेकिन सिद्धार्थ का बड़ा पंजाबी परिवार है और इस वजह से फिर उन्होंने गोवा का आइडिया ड्रॉप कर दिया। बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ से हाल ही में कॉफी विद करण में दोनों से शादी को लेकर सवाल पूछा था। दोनों ने इस दौरान क्लीयर तो नहीं कहा, लेकिन हिंट दी कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इसी दौरान यह भी हिंट मिली की दोनों जल्द शादी भी कर सकते हैं। खैर अब चंडीगढ़ हो या गोवा कोई भी लोकेशन हो, फैंस बस जल्द से जल्द शादी की डेट जानना चाहते हैं। सिद्धार्थ और कियारा के बारे में बता दें कि दोनों ने फिल्म शेरशाह में साथ में काम किया था। दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया। इसी फिल्म के बाद दोनों का रिलेशन और स्ट्रॉन्ग हुआ। दोनों साथ में कई बार वेकेशन पर गए हैं। नए साल पर भी दोनों साथ में रहे हैं। हालांकि दोनों ने कभी साथ में फोटोज शेयर नहीं की। वहीं दोनों एक-दूसरे के परिवार के साथ भी टाइम स्पेंड करते हैं। कुछ दिनों पहले खबर आई कि कियारा और सिद्धार्थ शादी से पहले लिव इन में रहना चाहते हैं। दोनों शादी से पहले एक-दूसरे को और अच्छे से समझना चाहते हैं। इतना ही नहीं दोनों लिव के लिए अच्छा घर देख रहे हैं। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि अगर दोनों को कोई अच्छा घर नहीं मिला तो दोनों फिर सिद्धार्थ के घर ही रहेंगे। सिद्धार्थ अब फिल्म योद्धा और मिशन मजनू में नजर आने वाले हैं। योद्धा में सिद्धार्थ के साथ दिशा पटानी और मिशन मजनू में नजर आने वाले हैं। वहीं मिशन मजनू में वह रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा वह वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आएंगे जिसे रोहित शेट्टी डायरेक्ट करेंगे। वहीं कियारा की बात करें को वह गोविंदा मेरा नाम, आर सी 15 और सत्यप्रेम की कथा में नजर आएंगे।

## प्रियंका चोपड़ा को 3 साल बाद मुंबई में देख लोग बोले, लग रहा कोई शहर से गांव आ गया

प्रियंका चोपड़ा भारत आ चुकी हैं। आने के बाद वह पहले इवेंट में पहुंचीं तो फोटोग्राफर्स ने उन्हें घेर लिया। प्रियंका बेहद स्टाइलिश लग रही थीं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें वायरल हैं और उनके चाहने वाले उनके बालों से लेकर नाखूनों तक पर कमेंट कर रहे हैं। कुछ लोग देसी गर्ल के स्वैग को देखकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं कुछ को लग रहा है कि प्रियंका अब विदेशी लगने लगी हैं। वही कुछ लोगों ने उनकी बेटी पर भी कमेंट्स किए हैं। प्रियंका चोपड़ा 3 साल बाद अपने देश आई हैं। मायके आने की खुशी उनके सोशल मीडिया पोस्ट्स में दिखाई दे रही है। मुंबई पहुंचते ही वह कई तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं। अब प्रियंका अपने हेयरकेयर ब्रैंड से जुड़े एक इवेंट में पहुंचीं तो तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छा गईं। प्रियंका ने फ्रंट कट वाइट क्रॉप टॉप और ट्राउजर्स पहने थे। उनके लंबे नाखून और बालों ने सबका ध्यान खींचा। पैप विरल भैयानी के इंस्टा पर पोस्ट वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट किया है, ये नाखून डरावने हैं। एक और ने लिखा है इंडियन नहीं लगती है अब ये। एक कमेंट है, अब मुझे ये हॉलीवुड दीवा लगती है। कुछ लोगों ने फनी कमेंट्स भी किए हैं। एक यूजर का कमेंट है, ऐसा लग रहा है जैसे शहर से कोई गांव आ जाता है। कुछ लोगों ने प्रियंका के बालों पर भी कमेंट्स किए हैं। लिखा है, हेयर ब्रैंड के लिए नकली बाल, वहीं एक और कमेंट है कि पीसी को अपना हेयरस्टाइलिस्ट बदल लेना चाहिए। दिवाली वाला लुक रिपीट किया है। प्रियंका जबसे आई हैं उनकी बेटी की झलक मीडिया में नहीं आई। कुछ लोगों ने बेटी को लेकर भी सवाल किए हैं।



## मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन 28 नवम्बर तक कराएं

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** खेल एवं युवा कल्याण विभाग शिवपुरी द्वारा मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट 3 एवं 4 दिसम्बर को श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन 28 नवम्बर तक कराया जा सकता है।टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सिंगल 300 रूपए एवं डबल्स 600 रुपए फीस जमा करनी होगी। इस टूर्नामेंट में तीन कैटेगरी के व्यक्तियों के बीच प्रतियोगिता होगी। जिसमें 35 वर्ष से 44 वर्ष तक, 45 वर्ष से 54 वर्ष तक एवं 55 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति शामिल होंगे। फीस जमा करने एवं अधिक जानकारी के लिए चेतन गुप्ता के मो. 6263138924 एवं 9424010416 तथा ई-मेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।


## सेवा निवृत कर्मचारी अधिकारी महासंघ के पृतिनिधि मंडल ने लंवित डी आर के लिए प्र्मुख सचिव एवं सचिव वित्त से की गुहार

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** पेंशनर महासंघ ग्वालियर के सचिव के सी शर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि पेंशनर महासंघ का पांतीय पृतिनिधि मंडल महासंघ के संरक्षक श्री बसंत पुरोहित के नेतृत्व में मध्यपृदेश शासन के पृमुख सचिव वित्त से मिला। पृतिनिधि मंडल ने लंवित डी आर शीघ्र दिये जाने की मांग की। श्री पुरोहित ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी कि राज्य पुनर्गठन आयोग की धारा 49/6मे छत्तीसगढ एवं मध्यपृदेश राज्य के सहमति का पावधान है, जानकारी मांगी जबाब में जानकारी न दिये जाने पर उसकी अपील की।श्री पुरोहित ने चर्चा में कहा कि मध्यपृदेश ही सहमति मांगता है छत्तीसगढ नही मांगता है। चर्चा के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि छत्तीसगढ राज्य ने अपने कर्मचारियो एवं पेंशनरो को 5 पृतिशत के आदेश कर दिए है।मध्यपृदेश शासन ने पृतिनिधि मंडल को पृति उपलब्ध कराई। पृतिनिधि मंडल ने शासन से डी आर के शीघ्र आदेश जारी करने का अनुरोध किया।केन्द्र के समान डी आर न मिलने से पेंशनरो में असंतोष है एवं महगाई में वृधाअवस्था में वीमारी आदि के अतिरिक्त व्यय मजवूरी में कर रहा है।

## पायल खरीदने गई महिला का दुकान मालिक ने बनाया अश्लील वीडियो

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी** - शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने बाले सराफा बाजार में आज एक महिला दोपहर के समय पायल खरीदने गोयल ज्वेलर्स पर गई थी तभी दुकान संचालक रितेश गोयल ने महिला का अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया, जैसे ही महिला को इसकी भनक लगी तो महिला ने विरोध दर्ज कराया वहीँ महिला कोतवाली पहुंची जहां उसने दुकान संचालक रितेश गोयल के खिलाफ शिकायत कराई हैं वहीँ पुलिस महिला के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी. फिलहाल रितेश गोयल सहित कई सराफा व्यापारी कोतवाली में मौजूद है. कोतवाली पुलिस द्वारा सर्राफा व्यापारी रितेश गोयल को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ चल रही है

## परिषद के प्रथम सम्मेलन में विपक्ष के हंगामे के बीच 61 में से 57 प्रस्ताव ध्वनिमत से पास

### नगरपालिका का प्रथम सम्मेलन हुआ आयोजित

पुष्पांजली टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह



**सिरोंज -** जुलाई माह में नगर पालिका परिषद के चुनाव संपन्न होने के लगभग 4 माह बाद नगरपालिका परिषद का प्रथम सम्मेलन गुरुवार को आयोजित किया गया जिसमें नगर के समग्र विकास को लेकर एजेंडे में रखे गए 61 में से 4 प्रस्तावों को विचाराधीन छो?कर शेष प्रस्तावों को बहुमत से पास किया गया। एजेंडे में शहर के विकास के लिए 21 वार्डों के विभिन्न विकास कार्यों के साथ प्रमुख रूप से कुरवाई रो? स्थित चंद्रमोहन शर्मा सभागार के सामने



एवं भोपाल रो? स्थित जल संयत्र केंद्र के सामने रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से दुकानों का निर्माण किया जाएगा। चार प्रस्तावों को विचारार्थ करते हुए सारे प्रस्ताव ध्वनिमत से पास कर लिए गए। बैठक में जिन प्रमुख प्रस्ताव शामिल किए गए उनमें प्रमुख रूप से भोपाल रोड चौराहा, छत्री चौराहा, रोहिलपुरा चौराहे के सौंदर्यीकरण,दीनदयाल पार्क का सौंदर्यीकरण, मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त सूचना के आधर पर 15 दिवस में संबंधित के निवास पर प्रदाय किया जाना, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहीयों को भवन अनुज्ञा निःशुल्क प्रदाय करने बाबत, जनहित में शव वाहन खरीदने, कॉन्वेंट स्कूल के पास रैनबसेरा, शिव मंदिर से एक्क्रेंज तक नाला निर्माण,मरीजों के लिए संजीवनी क्लीनिक निर्माण की स्वीकृति, रोहिलपुरा से हाइस्कूल तक डामरीकरण, कस्टम से डॉ बीएल शर्मा की स?क को खोदकर सीसी निर्माण, नयापुरा में माताजी के मंदिर के पास नाला निर्माण, शहर के प्रतिष्ठित मदनमोहन मंदिर के सामने चौक निर्माण,दाँगीपुर मोहल्ले में जलप्रदाय हेतु नवीन पाइप लाइन की स्वीकृति, मंशापूर्ण मंदिर से शनि मंदिर तक नाला निर्माण सहित वार्ड 14 स्थित रहवासियों की मांग पर कागदीपुरा की शराब दुकान अन्यत्र स्थान पर परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पूर्व नपा सीएमओ ने परिषद के प्रथम सम्मेलन शुरू होने पर अध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का पुष्पमाला से स्वागत किया। बैठक के समापन पर कोरोनकाल से अभी तक दिवंगत हुए पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा,पूर्व विधायक गोवर्धन उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मशर्रत शाहिद,नपा कर्मचारी रमेश माली,पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा के पिता सहित दिवंगतों को दो मिनिट मौन रखकर श्रद्धांजलि प्रदान की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा समस्त वार्डो के पार्षदगण,नपाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वही सम्मेलन के अवसर पर विपक्षी पार्षदों के द्वारा जोरदार हंगामा किया गया एवं मीडिया के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे सुझावों और प्रस्तावों को दादागिरी से हटा दिया गया और वही उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र नहीं है जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू से बात की गई तो उनका कहना था कि विपक्ष का काम विपक्ष कर रहा है हम अपना काम कर रहे हैं हमारा काम विकास करना है और वह विकास के काम में रोड़ा बन रहे हैं

## दलित शोषण मुक्ति मंच राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए माहौर प्रतिनिधि चुने गये 2 दिसंबर को होगी रवानगी

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** श्याम बाबू शाक्य, नेता, दलित शोषण मुक्ति मंच जिला भिंड से प्राप्त जानकारी अनुसार चहुं ओर दलित समाज पर आजादी के बाद भी अत्याचार हो रहे हैं शोषण के शिकार दबे कुचले दलित आजादी के 75 साल बाद भी न्याय के लिए भटक रहे हैं मध्यप्रदेश में तो दलित अत्याचार चरम सीमा पर है भेदभाव गैर बराबरी एवं शिक्षा में उपेक्षित दलितों की समस्याओं पर विचार किए जाने एवं संघर्षों को तेज करने के उद्देश्य से बिहार के बेगूसराय में 3 दिसंबर से 5 दिसंबर 2022 तक दलित शोषण मुक्ति मंच का अखिल भारतीय अधिवेशन बुलाया गया है जिसमें मध्य प्रदेश से चुने गए 10 प्रतिनिधियों में जिला भिंड से पूर्व गोहद नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर एवं एक अन्य साथी प्रतिनिधि चुने गए जानकारी देते हुए दलित शोषण मुक्ति मंच के नेता श्याम बाबू शाक्य ने बताया है कि दलितों ,शोषितों, वंचितों को जब तक न्याय हासिल नहीं हो जाता तब तक दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने बताया इसी कड़ी में 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक तीन दिवसीय बेगूसराय में प्रस्तावित अखिल भारतीय अधिवेशन में विख्यात दलित साहित्यकार आरडी आनंद केरल के सामाजिक न्याय मंत्री राधाकृष्णनन दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय महासचिव रामचंद्र डोम के अलावा पूर्व सांसद सुभाषिनी अली मुख्य रूप से मौजूद रहेंगी और उक्त नेता तीन दिवसीय दलित अधिवेशन को संबोधित करेंगे बताया गया है कि दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए मध्य प्रदेश से 10 प्रतिनिधि हिस्सेदारी करेंगे जिसमें भिंड से पूर्व गोहद नगरपालिका अध्यक्ष प्रेनारायण माहौर तथा एक अन्य साथी प्रतिनिधि चुने गए हैं जो बेगूसराय बिहार में प्रस्तावित महा अधिवेशन में जिला भिंड का प्रतिनिधित्व करेंगे उक्त प्रतिनिधि दो दिसंबर को रवानगी करेंगे।

## अतिनक्सल प्रभावित वनांचल ग्रामों में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने मनाया जन्मदिन





**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

**बालाघाट** जिले की लांजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे जिनका 17 नवंबर 2022 को जन्मदिवस था, इस बार आपने अपना जन्म दिवस यादगार बनाने के लिये लांजी विधानसभा क्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित वनांचल ग्राम जिनमे सायर, संदुखा, टेमनी, केराडेही, सतुछडी, बोदरा पंहुचकर यंहा निवास रत बैगा एवं गोंड समुदाय के साथ अपना 40वॉ जन्म दिवस मनाया। इस दौरान आपने कंबल का वितरण किया साथ ही बच्चो के लिये मिठाई एवं उनके साथ केक काटकर जन्म दिवस को यादगार बनाया।

**बच्चो के बीच केक काटकर दिया संदेश- अपने हाथो से खिलाया बच्चो को केक-**जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे एवं उनकी भाजपा टीम लगभग 50 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उक्त वनांचल ग्रामो मे पंहुचे जंहा रमेश भटेरे ने सर्वप्रथम बैगा एवं गोंड समुदाय परिवार के साथ एवं बच्चो के बीच बैठकर जन्म दिवस का केक काटा तथा एक संदेश भी दिया की हम कैसे अपने जन्मदिन को बेहतर एवं यादगार बना सकते है, क्योंकि जिन समुदाय के बीच हम आज पंहुचे उन बच्चो को आज भी जन्मदिवस क्या होता है केक क्यो काटते है इन सभी बातो की जानकारी नही होगी, साथ ही वनांचल क्षेत्र आज भी मुख्यधाराओ से दुर जो कि हमारा फर्ज है कि इस क्षेत्र के निवासरत बैगा गोड समुदाय को मुख्यधारा से जोडा जाये, मुलभूत सुविधाऐ उन्हे प्रदान होनी चाहिये, यही एक कारण है कि रमेश भटेरे इन बैगा एवं गोंड समुदाय के निवास में पंहुचे उन्हे आवश्यक जानकारी दी साथ ही उनके साथ अपना सबसे महत्वपूर्ण दिन साझा किया।

**बढती ठंड को देखते हुये बांटे कंबल-**रमेश भटेरे एवं उनकी टीम के द्वारा जंहा यह विचार किया गया की हम अपना जन्म दिवस वनांचल ग्रामो मे बसे बैगा आदिवासी परिवारो के साथ मनायेंगे वंही आगामी समय मे बढती ठंड को देखते हुये ग्राम सायर, संदुखा, टेमनी केराडेही,बोदरा, सतुझडी के प्रत्येक ग्रामीणो को कंबल का वितरण किया गया जोकि उन्हे आगामी ठंड के लिये बहुउपयोगी होगा।

**वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण जन एवं बच्चो मे दिखा उत्साह-** भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे एवं उनकी टीम वनांचल ग्राम मे बैगा गोंड आदिवासी समुदाय के परिवारो के बीच पंहुची एवं यह निर्णय लिया गया कि हम सभी मिलकर जन्म दिवस इन्ही के साथ मनायेंगे तो उपस्थित ग्रामीण जनो मे खासा उत्साह दिखाई दिया, ग्रामीण जन प्रफुल्लित हो गये वंही रमेश भटेरे के द्वारा बच्चो के साथ मिलकर केक काटा जिससे बच्चो मे अति प्रसन्नता दिखाई दी, ग्रामीणो ने भर भरकर रमेश भटेरे को आशीर्वाद प्रदान किया, ग्रामीणो के उत्साह एवं आशीर्वाद पाकर रमेश भटेरे कुछ पल के लिये भावुक नजर आये।

**वनांचल क्षेत्र की कुछ समस्याओ से भी भटेरे हुये अवगत- दो माह मे लगेंगे सोलर लाईट्स-**लांजी विधानसभा क्षेत्र का वनांचना इलाका पहले दौर से मुख्यधाराओ अलग नजर आता है, कुछ वर्षो से ही यह विकास एवं निर्माण कार्य प्रारंभ हुये है, स्कूली शिक्षाऐं प्रारंभ हुई है लेकिन आज भी पानी, बिजली के लिये इन ग्रामीणो को परेशान होना पड़ता है जिसको देखते हुये रमेश भटेरे के द्वारा ग्रामीणो से कहा गया की आगामी दो माह के भीतर आप सभी के घरो मे सोलर लाईट्स लगाई जायेगी जिससे आप लोगो को विद्युत समस्या से निजाद मिलेगी। वंही पानी और अन्य समस्याओ के लिये ग्राम से ही संबधित विभागो के अधिकारियो से फोन पर चर्चा कर समस्या को अवगत कराया जाकर त्वरित निराकरण के लिये कहा गया।

**स्नेही जनो ने मनाया जन्म दिवस-**रमेश भटेरे जंहा वनांचल क्षेत्र मे पंहुचकर आदिवासी बैगा समुदाय के साथ अपना जन्म दिवस मनाया वंही भाजपा पदाधिकारी गण मण्डल लांजी भानेगांव, भाडारा सहित स्नेही जनो ने वनांचल क्षेत्र मे एक स्थान का चयन कर बीच जंगल में रमेश भटेरे का जन्म दिवस मनाकर उन्हे ढेरो शुभकामनाऐं प्रदान की साथ ही आपकी दिर्घायू एवं यशस्वी होने की भगवान से प्रार्थना की गई।

**यह रहे उपस्थित-**भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के इस संपूर्ण वनांचल कार्यक्रम मे उनके साथ जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, भानेगांव मण्डल अध्यक्ष सीताराम रावते, अविनाश रैंच, मनीष अग्रवाल, गोविंद उमरे, ताराचंद कालबेले, किशोर रामटेक्कर, संदीप रामटेक्कर, संजय संजय सय्याम, दिनेश कचवाहे, अविनाश रैंच, मनीष अग्रवाल, कैलाश गोस्वामी, अमित घोघडे, नवीन रामटेक्कर, सुरजदीन गुप्ता, देवरबेली सरपंच सुरेन्द्र मड़ावी, सीताराम बाहे, धीरज वाहने, अघन यादव, सुकालू यादव, सोमसिंह पटले, रामकुमार राणा, निकेश मड़ामे,किर्तेश ऐडे, ज्ञानीराम बंबुरे, रेखलाल नगपुरे, कमल, बेनीराम राहांगडाले, धनलाल बंबुरे, धनीराम बंबुरे, दादूराम नगपुरे, महेन्द्र रणदिवे, हरीश लिल्हारे, आलोक सेन, टीकाराम रावते, तुकाराम बारेकर, केसरी बिहोने, ओमप्रकाश दौने, सेवकराम आसटकर, सरीफ यादव, भगत मड़ावी, राजू धुर्वे, बरसाती परते, राजेन्द्र यादव, साहिद खान अन्य पार्टी कार्यकर्ता एवं मित्र मण्डल उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कैंप 21 नवंबर से

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- प्रदेश में नई खेल प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर तराशने और आगे बड़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कर खिलाड़ियों को अनेक अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री कैप 21 नवंबर से ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। ÷मुख्यमंत्री कप÷ की शुरूआत वर्ष 2015-16 से हुई। खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश में संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को खोज कर प्रशिक्षण दिया जाए। ÷मुख्यमंत्री कप÷ का मुख्य उद्देश्य खेल के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करना, खेल को सर्व-सुलभ बनाना, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर करना और प्रतिभावान एवं उदीयमान खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।मुख्यमंत्री कप का आयोजन 4 चरण में किया जायेगा। पहले चरण में ब्लॉक मुख्यालय, द्वितीय चरण में जिला, तृतीय में दस संभागीय मुख्यालय और चतुर्थ चरण में राज्य स्तर पर संभाग से चयनित खिलाड़ी तथा खिलाड़ियों के दलों की लीग प्रतियोगिता होगी। ब्लॉक में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, व्हालीबाल, फुटबाल और खो-खो की प्रतियोगिता स्थानीय खेल निकाय, क्लब, विद्यालय, खेल संघों एवं ग्राम पंचायत के खिलाड़ियों-खेल दलों को सम्मिलित कर लीग आधार पर होगी। ब्लॉक में चयनित खिलाड़ियों को ही जिला, संभाग एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा।मुख्यमंत्री कैप में 18 वर्ष से कम आयु समूह के बालक एवं बालिका खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। आयु की गणना 31 दिसम्बर 2022 से की जायेगी। खिलाड़ी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आयु का प्रत्येक प्रतियोगिता स्तर पर सत्यापन अनिवार्य होगा। आयु सत्यापन में त्रुटि पाये जाने पर खिलाड़ी को उस खेल प्रतियोगिता से निष्कासित किया जायेगा।

## बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विजेता स्पार्धाओं को पुरस्कृत



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू** ~आचार्य गुरु परंपरा शिक्षण संस्थान दासनपुरा में बाल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कुमार जिवेंन्द्र झा. ने पुरस्कृत किया। संस्थान के प्रमुख रंगाचार्य आचार्य ने अतिथियों को सम्मानित किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथी महेंद्र मुणोत एंव वरिष्ठ पत्रकार कुमार जिवेंन्द्र झा. को माला शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महेंद्र मुनोत ने सभी को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया

## धान खरीदी केन्द्रों के तौल कांटो का एसडीएम ज्योति ठाकुर, तहसीलदार सतीश चौधरी, खाद्यान निरीक्षक निहारिका अवस्थी, नापतौल निरीक्षक राजेश कचवाहा, ने किया निरीक्षण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



लांजी क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकानो का एसडीएम लांजी सहित अधिकारियो एवं नापतौल विभाग के द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमे विशेष तौर तौल कांटो का सत्यापन किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर बालाघाट डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के द्वारा नापतौल विभाग को आदेशित किया गया की उचित मूल्य की दुकानो का निरीक्षण कर तौल कांटो का सत्यापन किया जाये जिसके तहत आदेश के परिपालन में एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, तहसीलदार सतीश चौधरी खाद्यान निरीक्षक निहारिका अवस्थी, नापतौल निरीक्षक राजेश कचवाहा, एवं टीम के द्वारा लांजी क्षेत्र के पांच उचित मूल्य की दूकाने जिनमे लांजी, पालडोंगरी, मनेरी, कालीमाटी, पूर्वाटोला का निरीक्षण किया जाकर वंहा स्थित तौल कांटो का परिक्षण कर सत्यापन किया गया, सत्यापन में सभी तौल कांटे दुरूस्त पायें गये, सभी में तापतौल विभाग की सील लगी हुई थी, वंही निरीक्षण के दौरान हितग्राहियो को जो खाद्यान विक्रेताओं के द्वारा प्रदान किया गया था उनका भी तौल किया गया जो की सही मात्रा में आवंटित पाया गया किसी भी प्रकार की कोई गडबडी नही पाई गई।

## कौशल प्रतियोगिता के कराएं पंजीयन संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना- कौशल एवं हुनरमंद युवाओं को चयनित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कौशल के प्रतिभावान युवक-युवती आगामी 15 दिसम्बर तक वेबसाइट डीएसडी.एमपी.जीओव्ही.इन अथवा एमपीस्किल.जीओव्ही.इन पर पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की पात्रता नहीं है। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभावान युवक-युवतियों को इंडिया स्किल एवं विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। 1 जनवरी 1999 के बाद जन्मे उम्मीदवार 10 स्किल के लिए और 1 जनवरी 2002 के बाद जन्मे उम्मीदवार 44 स्किल के लिए आवेदन कर सकते हैं। 1 जनवरी 2002 के बाद जन्मे दिव्यांग उम्मीदवार भी आईटी, क्रॉफ्ट्स, सर्विस और सत्कार विधा में अपने हुनर का प्रदर्शन कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लें

**पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर**

**पन्ना-** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ बैंक खाताधारक 18 से 50 वर्ष के आयु समूह के उन सभी व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने इस योजना में शामिल होने तथा ऑटो-डेबिट के लिए अपनी सहमति दी हो। इस योजना में 2 लाख रूपये का जीवन कवर एक जून से 31 मई तक की एक वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी कारण से बीमित व्यक्ति की मृत्यु के मामले में 2 लाख रूपये का जोखिम कवरेज है। इसका प्रीमियम 436 रूपये प्रति वर्ष है, जो अभिदाता द्वारा दिये गये विकल्प के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रत्येक वार्षिक कवरेज के लिए 31 मई या उससे पूर्व उनके बैंक खाते से एक किश्त में ऑटो-डेबिट किया जाता है।इस योजना का प्रस्ताव जीवन बीमा निगम तथा अन्य जीवन बीमाकर्ता, जो इस प्रयोजन से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्ति करके तथा बैंकों से समझौता करके इन्हीं शर्तों पर इस उत्पाद का प्रस्ताव करने के लिए इच्छुक हों, के द्वारा किया जाता है।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

### पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

**पन्ना-** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का कार्य कराया जा रहा है, जिसके तहत पन्ना जिले के सभी 896 मतदान केन्द्रों पर गत 9 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा आगामी 8 दिसम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर दावा-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। आगामी 5 एवं 6 दिसम्बर को मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. धुर्वे ने बताया कि दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि के दौरान कोई भी मतदाता प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाता सूची में अपना नाम होने संबंधी पुष्टि कर सकेगा। सूची में नाम शामिल नहीं होने पर मतदाता द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन बीएलओ को प्रस्तुत किया जाएगा। अब वर्ष 2023 में 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी नागरिकों से मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करने और नाम शामिल करवाने सहित प्रविष्टियों में संशोधन करवाने अथवा नाम शिफ्ट कराने इत्यादि के आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए समिति का गठन पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

**पन्ना-** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने पन्ना में आगामी 16 से 22 दिसम्बर तक वॉलीबाल प्रतियोगिता के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिए तत्काल प्रभाव से समिति का गठन किया है। जिला कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को सदस्य-सचिव बनाया गया है।इसी तरह पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, वन मण्डलाधिकारी उत्तर एवं दक्षिण वन मण्डल, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, प्राचार्य शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, थाना प्रभारी यातायात, जिला जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना और म.प्र. पर्यटन निगम खजुराहो के प्रतिनिधि को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए समिति का गठन

**पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति**

**पन्ना-** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने पन्ना में आगामी 16 से 22 दिसम्बर तक वॉलीबाल प्रतियोगिता के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के लिए तत्काल प्रभाव से समिति का गठन किया है। जिला कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे, जबकि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को सदस्य-सचिव बनाया गया है।इसी तरह पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, वन मण्डलाधिकारी उत्तर एवं दक्षिण वन मण्डल, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, प्राचार्य शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, थाना प्रभारी यातायात, जिला जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना और म.प्र. पर्यटन निगम खजुराहो के प्रतिनिधि को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है।

## ओडिसा से हो रहे अवैद धान तस्करी बोलेरो पिकअप में 55 कट्टा धान भर कर लाया जा रहा था छतीसगढ़




**संवाददाता हेमचंद नागेश**

के तेतलपारा में ओडिशा सिंगझर से धान भर कर बोलेरो पिक अप में 55 कट्टा धान ले कर छत्तीसगढ़ राज्य में खपाने की तैयारी को सजग ग्रामीणों फेल कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर गाड़ी के ड्राइवर से पूछा गया तो बोलेरो पिक अप ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी शिंगझार (ओडिशा), बंटी अग्रवाल का है जिसमे ओडिशा से 55 कट्टा धान भर कर लाना बताया।इसकी सूचना मैनपुर तहसीलदार को दिया गया मैनपुर से झरगांव की दूरी 60 द्मद्ब होने और देवभोग की दूरी 20 द्मद्ब होने की वजह से देवभोग तलसीदार को सूचना दे कर धान की जो अवैध तस्करी कर रहे बोलेरो पिकअप को घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के बीच पंच नामा बना कर गाड़ी देवभोग थाने के सुपुर्द किया गया।

## रोजगार मेला के लिए सौंपे दायित्व पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**पन्ना-** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार एवं अप्रेंटिस मेला के लिए जिला पंचायत सीईओ को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी जरूरी दायित्व सौंपे गए हैं।

## भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली के आवेदन 23 नवम्बर तक

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

पन्ना- भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिये आवेदक ऑनलाइन पंजीयन 23 नवम्बर तक करा सकते हैं। भर्ती से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट अग्निपथवायु.सीडीएसी.इन पर उपलब्ध है।

## पीएम किसान योजनातंर्गत ई-केवायसी व आधार बेस्ड भुगतान की प्रक्रिया का क्रियान्वयन 30 तक

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पन्ना-** प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत ईकेवायसी कार्यवाही एवं बैंक खाता आधार बेस्ड भुगतान संबंधी समुचित कार्य पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर नियत की गई है। विदित हो कि 1 सितम्बर 2022 के पश्चात् पीएम किसान योजना के अंतर्गत केवल उन ही हितग्राहियों को किश्त प्रदाय की जाएगी जिनके द्वारा ईकेवायसी का सत्यापन एवं बैंक खाता आधार लिंकिग की कार्यवाही पूर्ण कराई गई है। तत्संबंध में संबंधित हितग्राहियों से भी प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि पीएम किसान योजना की किश्त राशि प्राप्ति के लिए ईकेवायसी व बैंक खाता को आधार लिंक अनिवार्य रूप से कराएं ताकि किश्त प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

## रविवार को आएंगे प्रभारी मंत्री

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पन्ना-** आयुष (स्वतंत्र प्रभार) एवं जल संसाधन राज्य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कांवरे रविवार, 20 नवम्बर को शाम 4 बजे चित्रकूट से प्रस्थान कर 6 बजे पन्ना आएंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री कांवरे 21 नवम्बर को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत अपरान्ह 2.30 बजे ग्राम गढा जिला छतरपुर रवाना होंगे एवं शाम 6.30 बजे वापस पन्ना आएंगे व स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम पश्चात 22 नवम्बर को सुबह 6 बजे राष्ट्रीय उद्यान पन्ना के भ्रमण उपरांत दोपहर 2 बजे भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## कड़ाके की ठंड में आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने किया सामग्री



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

एक कदम इंसानियत की ओर विचारधारा को चरितार्थ करते हुए 17 नवंबर को जिले की वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम गर्रा के मां वैनगंगा नदी तट के किनारे 12 झोपड़पट्टी में निवास कर रहे जरूरतमंद परिवारों को कड़ाके की ठंड में ठंड से बचने के लिए उन्हें गर्म कपड़े, कंबल, गद्दे एवं राशन सामग्री का वितरण किया गया, ताकि मासूम बच्चे पुरा समुदाय ठंड से बच सके। और वे अपना जो काम करते हैं वह अच्छे से कर अपने परिवार का पालन पोषण कर सके एवं बच्चों की शिक्षा के बारे में भी पालक गणों से चर्चा परिचर्चा की गई।

## जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित



**पुष्पांजलि टुडे**

सिरोंज/ विदिशाकलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि जिला योजना समिति के सदस्यों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जो शुक्रवार 18 नवंबर को आयोजित होने थी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। निर्वाचन की नवीन तिथि पृथक से जारी की जाएगी

## डॉ भगवत सहाय शा महाविधालय

## कर लो सफलता अपनी मुट्ठी मे कार्यक्रम आयोजित किया



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा गत दिवस दैनिक जागरण एवं प्रोक्टर एंड गैंबल समूह (जिलेट) के सहयोग से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं उन्हें रोजगार प्रदाय किये जाने के उद्देश्य से कैरियर प्लानिंग एंड ग्रूमिंग सेशन कर लो सफलता अपनी मुट्ठी मे कार्यक्रम आयोजित किया गया! स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यारपठु एवं तुलसी के पौधों द्वारा अतिथि स्वागत के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोटीवेशनल स्पीकर एवं कॉर्पोरेट ट्रेनर श्री सुशील तिवारी ने व्यक्तित्व विकास की बारीकियों से परिचित कराते हुए विद्यार्थियों को इस संदर्भ में कुछ महत्त्वपूर्ण टिप्स दिये !विशिष्ट अतिथि डॉ शशि द्विवेदी( प्राध्यापक एवं संयोजक स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, झलकारी बाई शा महा. ने प्रकोष्ठ की गतिविधियों के बारे मे जानकारी देते हुए इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया !कार्यक्रम की अध्यक्षता महा के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राकेश कुशवाह ने की एवं संचालन महा के प्राध्यापक एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ विजय गंभीर ने किया! इस अवसर पर जिलेट से श्री वीरी सिंह एवं श्री आफताब, डॉ साधना जैन प्राध्यापक झलकारी बाई महा के अतिरिक्त भगवत सहाय महाविधालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ एल एन आर्य प्राध्यापक डॉ जे पी सिंह, डॉ डी वी सिंह, डॉ अरुण उपाध्याय, डॉ जे एल गुप्ता, डॉ बी बी राय, डॉ सीता अग्रवाल, डॉ आभा बाजपेयी, डॉ अमित शर्मा, डॉ जगमोहन जादोन , स्वयं सोनकर, अभिषेक, अजीत जाटव के अतिरिक्त बड़ी संख्या मे विधार्थी उपस्थित रहे! जिलेट द्वारा सभी को निशुल्क उपहार प्रदान किये गए !





## बच्चों का किया टीकाकरण संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

**पन्ना-** पन्ना जिले में मीजल्स-रूबेला के टीकाकरण से वंचित 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत करने के लिए 19 नवम्बर तक प्रथम चरण का विशेष टीकाकरण सप्ताह संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में आज शहर के एक निजी स्कूल में 21 बच्चों को टीका लगाया गया। इस दौरान मीजल्स-रूबेला बीमारी के बारे में भी जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में आगामी 19 से 24 दिसम्बर तक विशेष टीकाकरण सप्ताह संचालित किया जाएगा।

## दोहरे हत्याकांड से सनसनी, अज्ञात आरोपित का सुराग नहीं

**पन्ना ।** जिले में सनसनीखेज आपराधिक घटनाओं के लगातार मामले सामने आने से ह?कंप मचा है। शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजाखेड़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक निःसंतान वृद्ध दंपत्ती के शव उनके ही घर के आंगन में खून से लथपथ स्थिति में मिले। इसके एक दिन पूर्व जिले के धरमपुर थाना अंतर्गत लामी ग्राम में युवा किसान को दिनदहाअज्ञात हमलावर ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। विचलित करने वाली इन वारदातों की खबर आने के बाद से ही इलाके के लोग भयभीत और चिंतित नजर आ रहे हैं।जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजाखे?ा ग्राम से अज्ञात कारणों के चलते वृद्ध दंपत्ती की निर्ममता पूर्वक हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। मृतक दरवेश शाह पिता निजाम शाह और उसकी पत्नी रैन बाई 70 वर्ष के शव मंगलवार की सुबह इनके ही घर के बाहर आंगन में पड़े मिले।दंपत्ती गांव के स्कूल के समीप स्थित साईं मोहल्ले




में रहते थे। खून से लथपथ स्थिति में मिले शवों को देखकर यह माना जा रहा है कि दंपत्ती के कत्ल की वारदात को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा देर रात्रि में अंजाम दिया गया है। जनचर्चा है पुलिस को इस जघन्य वारदात की सूचना सुबह ही मिल गई थी लेकिन शाहनगर थाना पुलिस दोपहर तक मौके पर पहुंची। जिससे घटनास्थल का मुआयना, पंचनामा आदि कार्रवाई देर से होने के कारण शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका

# गहने रिपेयरिंग के नाम पर एजेंट ने ठगा, वापस मांगे तो देने से मुकरा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में गहने रिपेयरिंग करने के लिए लेकर गए एजेंट ने सराफा कारोबारी दंपती को साढ़े पांच करोड़ रुपए की चपत लगा दी। जो गहने एजेंट ने ठगे हैं वह एंटीक तथा हीरे जड़े हुए थे। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सराफा बाजार की है। ठगी का पता उस समय चला जब पीड़ित ने अपने जेवर वापस मांगे तो कभी बीमारी का तो कभी कोई और बहाना बनाकर टहलाता रहा। जब जेवर वापस करने दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। धोखे का शिकार पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।बसंत विहार निवासी सराफा कारोबारी ने शिकायत की है कि उनकी सराफा बाजार में सोने व चांदी की दुकान है और उसका संचालन वह तथा उनकी पत्नी करती है। उनके यहां पर दिल्ली का एजेंट जेवर रिपेयरिंग के लिए लेकर जाता है और रिपेयरिंग करने के बाद वापस करता है और वह उसका मेहनताना देते हैं। वर्ष 2019 में एजेंट उनके चार किलो 147 ग्राम सोने के जेवर लेकर रिपेयरिंग के लिए ले गया था, जिसमें कुछ आभूषण हीरे के थे, जिनकी कीमत करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए थी। इसके बाद वह इंतजार करते रहे और एजेंट उन्हें टहलाता रहा।जब काफी समय हो गया तो उन्होंने अपने जेवर वापस मांगे ताब एजेंट ने उन्हें बताया कि जेवर एंटीक होने के कारण उनकी डोरी नहीं मिल रही है और हीरे के सेट में कुछ गेप हो गया, इसके बाद जब उन्होंने कॉल किया तो कोरोना होना और लॉकडाउन की बात कहकर समय बढ़ाता रहा।लॉकडाउन में ढिलाई होने पर जब उन्होंने जेवर वापस करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने बताया कि उसने आर्थिक स्थिति खराब होने पर जेवर बेच दिए और उसके बदले में साढ़े दस किलो सोने के आभूषण ले लिए हैं और साथ ही उनके तीस लाख रुपए भी उसके पास है।पीड़ित ने बताया कि एजेंट उनके यहां पर बीस साल से काम कर रहा था, इसलिए उन्हें उस पर पूरा विश्वास था और अब जब वह जेवर व नगदी के लिए दबाव बना रहे हैं तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है।कोतवाली थाना प्रभारी का कहना है कि सराफा कारोबारी की शिकायत पर एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज कर

## ग्वालियर में तीन किलो गांजे के साथ पकड़ा तस्कर

**ग्वालियर।** ग्वालियर शिवपुरी हाईवे स्थावर नदी के किनारे से पुलिस ने एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। जिसके पास से 3 किलो गांजा बरामद हुआ है, उसके पास से बरामद गांजे की कीमत करीब 45000 बताई गई है। मोहना पुलिस ने आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एफ आई आर दर्ज कर ली है और उसे पूछताछ शुरू कर दी है।मोना थाना प्रभारी के पी एस यादव ने नईदुनिया को जानकारी देते हुए बताया कि महुआ नदी के किनारे एक गांजा तस्कर के आने की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। इसके चलते मोना थाने की दो टीमों को पड़ताल में लगाया गया था। बीती रात मुखबिर ने सूचना दी कि गांजा तस्कर उत्तर प्रदेश से गांजा लेकर ग्वालियर के रास्ते महुआर पहुंच चुका है। इसके बाद आरोपित की घेराबंदी करने के लिए सादा वर्दी में टीम लगाई गई। टीम ने देर रात आरोपित को पकड़ लिया, जिसके पास से 3 किलो गांजा बरामद हुआ। उसके पास से बरामद गांजे की कीमत 45000 है। वह उत्तर प्रदेश के तस्करों के संपर्क में है जहां से वह गांजा लेकर आता है। यहां पर वह छोटे एजेंटों को गांजा सप्लाई करता है। अभी उससे और पूछताछ चल रही है, इससे नशे के काले कारोबार के नेटवर्क के बारे में बड़ा खुलासा हो सकता है।

# वीडियो वायरल करने की धमकी दी, 8 महीने तक करता रहा शोषण

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शादी से लौटकर आ रही इवेंट मैनेजर से कार चालक ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और वीडियो बना लिया। इसके बाद भी आरोपी उसे बदनाम करने की धमकी देकर शोषण करता रहा। घटना गिरवाई थाना क्षेत्र के मरघट के पास की है। अब जब पीड़िता शोषण से तंग आ गई तो थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है।

**यह है पूरा मामला**–ग्वालियर के गिरवाई थाना क्षेत्र के बिरथरियों का पूरा में रहने वाली 26 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि छह साल पहले उसका विवाह हुआ था जो किसी कारण से विच्छेद हो गया और पिछले चार साल से वह अलग रहती है और जीवन यापन के लिए शादी पार्टी में इवेंट प्रोग्राम करती है, इवेंट के लिए उसके साथ कुछ युवती भी रहती है। कार्यक्रम में आने और जाने के लिए गोल पहाडि?ा नवग्रह कॉलोनी निवासी विशाल साहू की मारूति वैन लगाई हुई है। इस दौरान विशाल साहू उससे शादी करने और प्रेम करने की बात कहता था, लेकिन उसने इसे स्वीकार नहीं किया। बीती नौ फरवरी को वह दतिया से कार्यक्रम कर वापस विशाल की मारूति से आ रही थी। सभी लड़कियों को उनके घर छोड़ने के बाद जब वह वापस अपने घर जा रही थी तो विशाल ने मरघट के पास कार रोकी और उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

**बनाया वीडियो, करने लगा ब्लैकमेल**–वारदात के दौरान आरोपी ने उसका वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल कर उसका शोषण करने लगा। अब जब पीड़िता शोषण से परेशान हो गई तो वह थाने जा पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पी?ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**आरोपी को पकड़ा**–गिरवाई थाने के एडिशनल एसपी सियाज के.एम ने बताया कि एक विवाहिता ने थाने पर आकर शिकायत कर बताया था कि उसके एक परिचित युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया है। जब उसने युवक से शादी के लिए कहा तो युवक शादी करने से मना कर रहा है। साथ ही उसे जान से मारने के लिए धमका रहा है पीड़ति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# जब हम लिखते हैं तो उसको पढ़ने वाला भी होना चाहिए

**ग्वालियर।** ग्वालियर के दुर्ग पर स्थित सिंधिया स्कूल में विद्यालय के 125 वर्ष पूरा होने पर आयोजित हो रहे सिंधिया लिटरेचर फेस्टिवल के



अंतिम दिन के सत्र में उपन्यासकार केविन मिस्सेल ने कल्कि सीरी के अपने उपन्यासों पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। उन्होंने छात्रों को बताया कि 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने लिखना शुरू किया और उपन्यास का एक खाका मन में खींच कर उस पर लिखना शुरू कर दिया । इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि केविन एक उपन्यासकार होने के साथ-साथ एक समाज सेवी भी है क्योंकि उनकी पुस्तकों से भारतीय संस्कृति को जानने में काफी मदद मिलती है।वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सिंधिया स्कूल के 1974 के बैच के पूर्व छात्र देवेंद्र भटनागर ने अपनी पुस्तक ड्रीम्स एंड ड्रीमर्स तथा ड्रीम्स एंड मरमेड पर अपने विचार बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि छोटी उम्र में आप सभी विषयों पर किताबें पढ़ें फिर धीरे-धीरे विशिष्ट विषयों की ओर सीमित होते जाएं । उनका यह भी कहा कि जब हम लिखते हैं तो उनको पढ़ने वाला भी होना चाहिए और उसके विषय दूसरों से भी जुड़ा होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में छात्रों द्वारा कैप्टन भटनागर के कविताओं का पाठ किया गया।अंतिम सत्र में लेखिका और कवयित्री अनीता कृष्णन ने अपनी विभिन्न रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में यह धरती एक बिंदु के समान है और निश्चित रूप से दूसरे ग्रहों पर जीवन की अभिकल्पना की जा सकती है। वैसे तो मैं भूतों पर विश्वास नहीं करती परंतु जीवन में भी कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं जो हमें एक बार सोचने पर विवश करती हैं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह,उप-प्राचार्या स्मिता चतुर्वेदी, डीन धीरेंद्र शर्मा सहित विद्यालय के सभी छात्र व अध्यापक मौजूद रहे ।

## ग्वालियर में खुले में मवेशी मिलने पर पशुपालकों पर होगा जुर्माना, निगम आज से शुरू करेगा अभियान

**ग्वालियर.** । ग्वालियर सहित प्रदेश के अधिकतर शहरों में वर्षा व सर्दी के मौसम में आवारा मवेशी बड़ी समस्या बन जाते हैं। कई पशुपालक सुबह व शाम को दूध दुहने के बाद अपने गाय, भैंसों को खुले में सड़क पर छोड़ देते हैं। ये मवेशी सड़क हादसों का कारण बनते हैं। गत एक नवंबर को इस मामले में एक गजट नोटिफिकेशन जारी कर एक हजार रुपए के जुर्माने का नियम लागू कर दिया है। अब निगम का मदाखलत अमला इस मामले में गुरुवार से अभियान चलाकर पशुपालकों पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू करेगा।प्रदेश में अब पशुपालकों के लिए राज्यपाल ने नया नियम लागू कर दिया है। एक नवंबर को मध्यप्रदेश के राजपत्र में राज्यपाल मंगूभाई पटेल के हस्ताक्षर से जारी गजट नोटिफिकेशन में लिखा गया ह

# घर में चोरी करने वाला चोर और गहने बिकवाने वाले सटोरिए दबोचे, 15 लाख का माल बरामद



**ग्वालियर ।** शहर के अलग-अलग इलाकों में सूने घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाला एक शातिर चोर क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ा है। उसने अपने साथी के साथ मिलकर हाल ही में पांच सूने घरों में से लाखों रुपये का माल चोरी किया। पांच में से चार घर सैनिकों के थे। पकड़े गए चोर के अलावा पुलिस ने चार और लोगों को पकड़ा है, इसमें तीन सटोरिए हैं, जबकि एक महिला है जो दूसरे चोर की पत्नी है। पुलिस ने इनके पास से करीब 15 लाख रुपये का माल बरामद किया है। दूसरे चोर की तलाश चल रही है।

शहर में सूने घरों में लगातार चोरियां हो रही थी। एसएसपी अमित सांघी ने एएसपी राजेश दंडोतिया, क्राइम ब्रांच के डीएसपी ऋषिकेष मीणा को आरोपितों को पकड़ने का टास्क दिया। इन अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच प्रभारी दामोदर गुप्ता और एएसआइ राजीव सोलंकी सहित 15 पुलिसकर्मियों की एक टीम बनाई। इस टीम ने हर चोरी के स्पाट पर जाकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। तीन जगह हुई चोरी में आरोपित एक जैसे ही दिखे। इसके बाद एक आरोपित की पहचान मुरार के खुरैरी निवासी किशन जाटव के रूप में हुई। सबसे पहले क्राइम ब्रांच की टीम उसके घर ही पहुंच गई। यहां वह तो नहीं मिला, उसके यहां महेंद्र मिल गया। महेंद्र किशन का साथी है, दोनों ही चोरी करते हैं। महेंद्र से जब पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकारा। उसने बताया उसने किशन की पत्नी अनीता, सटोरिए रामू, जीते और उमेश के यहां चोरी का माल रखा है। यह लोग गहने बिकवाते हैं।

# स्टेशन पर चलाया साफ-सफाई एवं हाईजीन को लेकर विशेष अभियान



**ग्वालियर.** । झांसी मंडल ने स्टेशनों पर विशेष सफाई अभियान चलाया है। इस अभियानों के माध्यम से स्वच्छता के स्तर को और बेहतर करने के साथ साथ आमजनता, रेलकर्मियों उनके परिवारजनों आदि को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। ग्वालियर स्टेशन पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सफाई अभियान के साथ ही अनावश्यक फाइलों को समाप्त करना, स्क्रैप निपटान, वीआईपी संदर्भों का निवारण जैसे कार्य भी प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान अवांछित, गैर जरूरी तथा पुरानी फाइलों का निस्तारण भी किया जा रहा है। पुरानी फाइलें और काग?ात ना सिर्फ कार्यालयों में अतिरिक्त स्थान घेरते हैं बल्कि कार्यालय वातावरण को भी प्रभावित करते हैं। किसी भी डाटा को ढूंढ़ने में अतिरिक्त समय लगता है।मंडल के प्रमुख स्टेशन वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर, बांदा, मुरैना, चित्रकूट धाम कर्वी, ललितपुर, उरई, दतिया, डबरा, खजुराहो एवं महोबा सहित अन्य स्टेशनों पर मंडल अधिकारीयों को नामित किया गया है, जिनके निर्देशन में स्वच्छता व हाइजीन अभियान चलाया जा रहा है। आवासीय परिसरों तथा कार्यालयों में भी वृहद स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों में रेल कर्मियों के साथ ही आम जनता का सहयोग भी लिया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न माध्यमों से आम जन जागरूकता हेतु प्रचार अभियान भी चलाए जा रहे है। इन माध्यमों में सोशल मीडिया एवं स्टेशनों पर पोस्टर तथा जन उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से भी जनजागरूकता प्रसारित की जा रही है ।

## ग्वालियर में 14 वर्षीय बालिका से दोस्ती कर मिलने बुलाया, धमकाकर की ज्यादती

ग्वालियर । शहर में महिला अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें किशोरियों से ज्यादती, छेड़छाड़ व मारपीट की गई है। यह मामले थाने तक पहुंचे हैं, जिनमें पास्को एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। महलगांव इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय बालिका के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। बालिका को आरोपित बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उससे पहले दोस्ती की, फिर मिलने के बहाने बुलाकर रेलवे ट्रैक के पास ले गया। यहां धमकाकर ज्यादती की।यूनिवर्सिटी थाना प्रभारी मनीष धाकड़ ने बताया कि सिटी सेंटर स्थित महलगांव क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय बालिका से सोनू पारदी ने दोस्ती की। उसने उसे तीन नवंबर को मिलने के बहाने बुलाया। इसके बाद अपने साथ महलगांव स्थित रेलवे ट्रैक पर ले गया। यहां झाड़ियों में उसे धमकाकर दुष्कर्म किया। छात्रा की मारपीट भी की।

# बुलडोजर में मकान में न हो अधिक नुकसान इसलिए स्वयं ही अपने घरों को तोड़ने लगे लोग

**ग्वालियर।** किला गेट से सेवा नगर के बीच रोड चौड़ीकरण में बाधक कुल 244 संपत्तियों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके अलावा लगातार दूसरे दिन मकानों पर लाल निशान भी लगाए गए। रविवार को नगर निगम अमले द्वारा की गई तोड़फोड़ की दहशत के चलते बुधवार को लोगों ने खुद ही अपने मकान तोड़ने शुरू कर दिए हैं। बुधवार की सुबह से ही लोगों ने अपने मकान और दुकानें खाली करना शुरू कर दिया। यहां किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन या हंगामा न हो, इसको देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया है। लोगों द्वारा स्वयं ही अपना मकान तोड़ना शुरू करने पर नगर निगम ने यहां सुविधा की दृष्टि से मलबा उठाने के लिए जेसीबी और डंपर भी तैनात कर दिए हैं।किला गेट चौराहे पर 17 संपत्तियों को तोड़ने के बाद निगम अमले ने किला गेट से सेवा नगर पुलिया तक 244 संपत्तियों की तोड़फोड़ से पहले छह घंटे की अवधि के नोटिस चस्पा कर लाल निशान लगा दिए हैं। लोगों ने अपने घरों के बाहर लाल निशान देखे, तो निशान के साथ लिखी माप के मुताबिक अपने मकान खुद ही तोड़ना शुरू कर दिए। नगर निगम के अधिकारी गुरुवार को लोगों को और मौका देंगे। अगर उसके बाद भी बाकी लोगों ने स्वयं अपने निर्माण तोड़ने शुरू नहीं किए, तो निगम का अमला शुक्रवार को मौके पर कार्रवाई करेगा। सहायक सिटी प्लानर बृजकिशोर त्यागी ने बताया कि लोगों को समझाइश दी गई है कि वे खुद ही अपने मकानों को तोड़ लें। यदि वह खुद मकानों को नहीं तोड़ते हैं, तो निगम कार्रवाई करेगा।गत रविवार को किला गेट पर की गई तोड़फोड़ से प्रभावित व्यापारियों और परिवारों के विस्थापन और मुआवजे की मांग को



लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए धरने में प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि ऊर्जा मंत्री जब कांग्रेस में थे, तो कहते थे कि आपकी एक इंच भी जगह नहीं जाने दूंगा। एक इंच तोड़ा गया तो यह शासन प्रशासन पाप करेगा, लेकिन आज वे इस्तीफा देने का ड्रामा कर जनता को बरगला रहे हैं। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष मुनेंद्र भदौरिया, पार्षद शकील मंसूरी सहित प्रदेश सचिव शील खत्री, ओमप्रकाश पुष्प, पार्षद माठू यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनू परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी मौजूद थे।

# निवेशकों को नहीं मिल रहे पैसे, लोक अभियोजक कार्यालय में पहुंचने लगे पीड़ा बताने

**ग्वालियर ।** चिटफंड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को पैसे नहीं मिल रहे हैं। इधर-उधर भटकने के बाद लोक अभियोजक कार्यालय में पहुचं रहे हैं और अपनी पीड़ा बता रहे हैं। पालिसी पूरी हो चुकी है। प्रशासन के पास संपत्ति कुर्क है। कोर्ट से भी आदेश मिल चुका है, लेकिन पैसा नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर सक्षम डेयरी चिटफंड कंपनी में निवेश करने वाले निवेशकों को अपने पैसे के लिए इंतजार करना होगा। क्योंकि इस कंपनी की संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने वाले शामिल नहीं हुए है। इस कारण पैसा इकट्ठा नहीं हो पा रहा है। कंपनी के कुर्क किए गए खाते में ढाई लाख रुपये ही जमा है। जबकि 1424 निवेशकों को 10 करोड़ रुपये से अधिक लौटाने हैं।सक्षम डेयरी ने ग्वालियर अंचल सहित उत्तर प्रदेश में चिटफंड का कारोबार किया था। निवेशकों को पैसा डबल करने का भरोसा दिया। पालिसी पूरी होने के बाद जब निवेशकों ने कंपनी से पैसा मांगा तो वापस करने मना कर दिया। जिला प्रशासन के पास शिकायत पहुंचने के बाद वर्ष 2011 में चिटफंड



कंपनियों पर कार्रवाई की गई थी। प्रशासन ने चिटफंड कंपनी की संपत्ति कुर्क कर ली थी। संपत्ति कुर्क होने के बाद प्रशासन ने निवेशकों का पैसा नहीं लौटाया। अपना वापस लेने के लिए निवेशक लंबे समय से प्रयासरत थे। इन्वेस्टर वेल्फेयर एसोसिएशन ने पैसे लेने के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया। एसोसिएशन की ओर से तर्क दिया कि कंपनी में 1425 लोगों ने 10 करोड़ से अधिक का निवेश किया है। कंपनी की संपत्ति व खातों को कुर्क किया है, लेकिन पैसा नहीं लौटाया जा रहा है। कोर्ट ने कंपनी की संपत्ति नीलाम कर पैसा लौटाने के आदेश दिया है। जिला प्रशासन अपने जवाब में कहा है कि प्रशासन ने चार संपत्तियों को नीलाम करने के लिए 2021 में नीलामी की प्रक्रिया की थी, लेकिन खरीदार नहीं आए। दूसरी बार भी नीलामी की प्रक्रिया कर चुके हैं। अब तीसरी बार की जाएगी। दो करोड़ से अधिक की चार संपत्तियां कुर्क हैं, जिन्हें नीमाम किया जाना है। जिला प्रशासन ने संपत्ति नीलामी को लेकर किए प्रयासों की जानकारी कोर्ट में पेश की है।

## सर्राफा कारोबारी से 5.50 करोड़ की ठगी, हीरे जड़े सवा चार किलो सोने के ड़ेवर सुनार ने हड़पे

**ग्वालियर.**। ग्वालियर के एक बड़े सराफा कारोबारी के साथ 5.50 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सर्राफा कारोबारी के साथ धोखाधड़ी करने वाला उनका अविश्वसनीय सुनार है जिससे वह करीब 20 वर्षों से व्यापार कर रहे हैं, वह उनके लिए गहने बनाता था। आरोपित मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है। उसे सराफा कारोबारी ने करीब 3 साल पहले अपने पुश्तैनी गहने मरम्मत के लिए दिए थे। सवा 4 किलो सोने के यह गहने हीरे जड़े हुए थे। इन्हीं गहनों को वह हड़प गया। इन गहनों की कीमत करीब 5.50 करोड़ रूपए है।कोतवाली थाना प्रभारी राजीव गुप्ता ने नईदुनिया को जानकारी देते हुए बताया कि सर्राफा बाजार में जैना ज्वेलर्स के नाम से सर्राफा कारोबारी मुकेश जैन की दुकान है। दिल्ली के करोल बाग में रहने वाला दिवाकर जाना सुनार है। वह करीब 20 साल से ज्वेलर्स के संपर्क में है। उससे वह गहने बनवाते हैं। उनके पुश्तैनी गहने जो करीब सवा 4 किलो सोने के थे, इनमें 119 कैरेट हीरे जड़े हुए थे, उन्हें मरम्मत के लिए सुनार को दिया। यह बात 2019 की है। 3 माह में उसने मरम्मत कर कहने वापस लौटाने की बात कही। तीन माह बाद भी उसने गहने नहीं लौटाए। इसके बाद लाक डाउन लग गया। लाक डाउन के दौरान उससे संपर्क नहीं हो पाया। फिर वह कुछ दिन में पैसे लौटाने की बात करने लगा। तब तक 2021 में दोबारा कोरोनावायरस की लहर आ गई और लॉकडाउन लग गया। इस दौरान फिर सब कुछ बंद हो गया। उसे कोरोना भी हो गया था। कोरोना के चलते वह बीमार हो गया। ड़ब ठीक हुआ तो बोला उसे रुपए की जरूरत थी इसलिए उसने गहने गिरवी रखकर बाजार से पैसा व सोना उठा लिया। इसकी एवज में वह 10 किलो सोना और ड़300000 में ब्याज के वापस करने की बात कहने लगा।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478